हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्ष:- 02, अंक:-121, पृष्ठ:-08, मूल्य:- 2 रु.

लखनऊ, शनिवार 12 अक्टूबर 2024



मोटर साइकिलें तथा पार्ट्स की बरामदगी के साथ शातिर...02

डीसीएम की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत...06



फिर लाल निशान में बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 230 और निफ्टी 34 अंक गिरा



गिर गए कच्चे तेल के भाव

## संक्षिप्त समाचार

### उज्जैन में पूर्व पार्षद की गोली मारकर हत्या, पत्नी और दो बेटे हिरासत में

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार को एक कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हाजी कलीम खान उर्फ गुड्डू (60) के रूप में हुई है। हाजी कलीम खान की नीलगंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वजीर पार्क कॉलोनी में सुबह करीब पांच बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी खान को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पड़ोसियों ने पुलिस को हत्या की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की टीम और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने खान की पत्नी और उनके दो बेटों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### डोनाल्ड ट्रंप के बिजली बिल के बयान से आप गदगद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में भी दिल्ली के फ्री की रेवड़ी वाले मॉडल ने एंट्री मार ली है। ऐसा दावा आम आदमी पार्टी (आप) का करना है। यहां तक कि पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की तारीफके पुल बांधने में जुटे हैं। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो शेयर किया है। दोनों नेताओं ने ट्रंप के बिजली वाले ऐलान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ट्रंप के फ्री बिजली बिल के बयान से आप गदगद नजर आई और अपनी तारीफके पुल बांध रही है। एक तरफजहां दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अमेरिका में मुफ्त की रेवड़ी पहुंचेगी।

### हरियाणा में नायब सिंह सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी एक बार फिर सीएम पद की शपथ लेंगे। 15 अक्टूबर को आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में नायब सिंह सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला में आयोजित किया जाएगा, जहां लगभग 50 हजार लोगों के उपस्थित रहने की संभावना है। समारोह में भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे।

## सूचना

समस्त पाठकों को दशहरा (विजयादशमी) की हार्दिक शुभकामनाएं, इस अवसर पर कार्यालय में दिनांक १२-१०-२०२४ को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक १४-१०-२०२४ को प्रकाशित होगा।

सम्पादक

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी-नवमी की दी बधाई, बोले

# नारी सम्मान से समाज होता है शक्तिमान



**गोरखपुर, संवाददाता।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयादशमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है और जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगत जननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा, उल्लास व उमंग से जुड़ते हैं। सनातन धर्म की पर्व और त्योहार से जुड़ी समृद्ध परंपरा सबका ध्यान आकर्षित करती है। आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली है कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की प्रेरणा का माध्यम है नवरात्र

नवरात्र का पर्व शक्ति की आराधना के साथ आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है। भारतीय मनीषा ने प्राचीनकाल से ही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता-' अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है, वहां दैवीय शक्तियों का वास होता है की मान्यता और इसके भाव को अंगीकार किया है। मां दुर्गा के पावन नौ स्वरूपों की आराधना सनातन धर्म की उदात्त और पवित्र परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर है। यह आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई प्रेरणा देने का भी माध्यम है। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा के साथ पूरे समाज की सुरक्षा जुड़ी होती है। जब हम आधी आबादी को सामर्थ्यवान बनाकर उनकी गरिमा और सम्मान की सुरक्षा करेंगे तो प्रदेश और देश सभी नागरिकों के जीवन मे खुशहाली लाने के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

### विजयादशमी प्रभु श्रीराम के विजय का उत्सव है

सीएम योगी ने कहा कि विजयादशमी त्रेतायुग के बलशाली राजा, अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण पर प्रभु श्रीराम के विजय का उत्सव है। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए सनातन धर्मावलंबी रामलीलाओं के माध्यम से श्रीराम के राज्याभिषेक के कार्यक्रम से जुड़ेगा। इस अवसर पर अन्याय के प्रतीक रावण के पुतला दहन की परंपरा भी देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की।

### शक्ति की साधना होगी तो सिद्धि के रूप में विजयश्री का वरण अवश्य होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मां जगतजननी की नौ तिथियों में पूजन के बाद कल शनिवार को विजयादशमी का पावन पर्व है। विजयादशमी भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने के उल्लास का पर्व है। इसमें यह संदेश भी निहित है कि जहां शक्ति की साधना होगी तो वहां सिद्धि के रूप में विजयश्री का वरण अवश्य होगा।

## योगी ने कन्याओं के पांव धोकर मातृ शक्ति की आराधना की



**गोरखपुर।** शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव धोए, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे।

## संजय राउत ने कहा, केंद्र और राज्य सरकार जनता को भ्रमित कर रही

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना उद्धव (यूबीटी) के नेता और सांसद संजय राउत ने शिंदे सरकार की चुनावी घोषणाओं पर सवाल उठाते हुए कहा है कि चुनावों के पहले ऐसे निर्णयों की जल्दबाजी की जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनता को भ्रमित करने के लिए घोषणाओं की बारिश कर रही हैं, जबकि उनके पास वास्तविक विकास के लिए आवश्यक संसाधन नहीं हैं। सीएम शिंदे की घोषणाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए राउत ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता को यह समझ में आ गया है कि ये घोषणाएं सिर्फ चुनावी गणित का हिस्सा हैं।

उन्होंने लाडली बहन योजना और मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट से जुड़े निर्णयों का उदाहरण देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल वोट बैंक बढ़ाना है। राउत ने मदरसों के शिक्षकों की सैलरी बढ़ाने को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अंधभक्तों से मेरा सवाल है क्या यह वोट जिहाद नहीं है? क्या यह वोट के लिए नहीं किया गया है? राउत ने कहा कि उनका पेमेंट बढ़ना चाहिए।

### महाराष्ट्र सरकार फिजूलखर्ची में लिप्त: कांग्रेस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार पर आरोप लगाया है कि वर्तमान सरकार फिजूलखर्ची में लिप्त है। कांग्रेस ने जल्दबाजी में करोड़ों रुपये की निविदाओं को मंजूरी देकर जितना संभव हो उतना लूटने की जल्दी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने गुरुवार रात एक मीडिया बयान में आरोप लगाया कि इससे उनके सरकार से बाहर निकलने से पहले लाभ का हिस्सा सुनिश्चित हो गया। उन्होंने कहा कि राय मंत्रिमंडल ने डिजिटल प्लेटफॉर्म विज्ञापनों के लिए ९० करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है, जिसमें आदेश दिया गया है कि यह राशि पांच दिनों के भीतर खर्च की जानी चाहिए। सार्वजनिक धन के व्यर्थ खर्च की कड़ी आलोचना करते हुए, श्री लोंढे ने कहा कि राय पर आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है, लेकिन सरकार कमीशन कमाने के लिए लापरवाही से निविदाएं जारी कर रही है।

## देश के लिए जरुरी है 'वन नेशन वन इलेक्शन': गिरिराज सिंह

**पटना, एजेंसी।**



केरल विधानसभा में वन नेशन वन इलेक्शन के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया है। इस पर शुक्रवार को केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बातचीत के दौरान कहा, देश के लिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है। उन्होंने कहा, मुझे समझ में नहीं आता है कि कांग्रेस के लोगों को वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पेट में दर्द क्यों हो रहा है। यह होना चाहिए, नहीं होने से विकास रुकता है। साल भर चुनाव होते रहते हैं। देश में अगर साल भर चुनाव ही होते रहेंगे तो विकास कैसे होगा। इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है। बंगाल में आरजे कर मामले को लेकर डॉक्टरों द्वारा भूख हड़ताल जारी है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, बंगाल की सरकार अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार ने अपराधियों के दस्तावेजों को अपने पास रख लिए, जिसे सीबीआई को देना चाहिए था। सारे अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आगे कहा, भूख हड़ताल पर डॉक्टरों की तबियत बिगड़ने लगी है। एक जूनियर डॉक्टर के अनुसार, 9 लोग भूख हड़ताल पर थे। जिसमें एक डॉक्टर की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों का कहना है कि बंगाल सरकार में मुख्य सचिव ने मिलने के लिए हमें बुलाया था। मुख्य सचिव की ओर से एक मेल भेजा गया था। हमें इस बैठक से उम्मीद थी कि जिन मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं।

## सांस्कृतिक संबंध मजबूत बनाएंगे भारत लाओस



**वियेनतिएन, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिफांडोन के साथ आज यहां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय बैठक की और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए मिल कर काम करने का संकल्प लिया। सूत्रों के अनुसार, श्री मोदी ने 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए लाओस के प्रधानमंत्री को बधाई दी। दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-लाओस सभ्यतागत और समकालीन संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे विकास साझीदारी, क्षमता निर्माण, आपदा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, विरासत बहाली, आर्थिक संबंध, रक्षा सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री सिफांडोन ने टाइफून यागी के बाद लाओस को प्रदान की गई भारत की बाढ़ राहत सहायता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भारतीय सहायता के तहत यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, वट फू की चल रही बहाली और संरक्षण द्विपक्षीय संबंधों को एक विशेष आयाम प्रदान करता है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। श्री सिपांडोन ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका का समर्थन किया। भारत ने 2024 के लिए आसियान की अध्यक्षता के लिए लाओस का पुरजोर समर्थन किया है। बैठक के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, प्रसारण, सीमा शुल्क सहयोग और मेकांग-गंगा सहयोग के तहत तीन त्वरित प्रभाव परियोजनाओं (क्यूआईपी) के क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों/समझौते का आदान-प्रदान किया गया। ये क्यूआईपी लाओ रामायण की विरासत के संरक्षण, रामायण से संबंधित भित्ति चित्रों के साथ वाट पाकिया बौद्ध मंदिर की बहाली और चंपासक प्रांत में रामायण पर छाया कठपुतली थिएटर को समर्थन देने से संबंधित हैं। तीनों क्यूआईपी में से प्रत्येक को लगभग 50 हजार अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता देने का प्रस्ताव है।

## जापान के संगठन निहोन हिडांक्यो को मिला 2024 नोबेल शांति पुरस्कार

**टोक्यो, एजेंसी।**



नोबेल समिति ने 2024 का नोबेल शांति पुरस्कार जापान के एक संगठन निहोन हिडांक्यो को दिया है। यह संगठन हिरोशिमा और नागासाकी के परमाणु बम हमलों के बचे लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन को परमाणु मुक्त दुनिया के लिए उसके प्रयासों और परमाणु युद्ध के भयानक परिणामों पर उसके प्रभावी गवाहों के लिए सम्मानित किया गया है। निहोन हिडांक्यो की स्थापना 1956 में हुई थी और यह जापान में परमाणु बम से प्रभावित लोगों का सबसे बड़ा और प्रभावशाली संगठन है। इसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के विनाशकारी मानवीय परिणामों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। हिबाकुशा (हिरोशिमा और नागासाकी के बचे लोग) अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करके अंतरराष्ट्रीय परमाणु टैबू को आकार देने में मदद कर रहे हैं, जो परमाणु हथियारों के उपयोग को नैतिक रूप से अस्वीकार्य मानता है। नोबेल समिति ने निहोन हिडांक्यो की निरंतर कोशिशों की प्रशंसा की, जो वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों के खिलाफविरोध पैदा करने और उसे बनाए रखने के लिए हैं। समिति ने कहा कि हिबाकुशा हमें अवर्णनीय को वर्णित करने और असंभव को सोचने में मदद करते हैं। भले ही बमबारी के लगभग 80 साल बाद भी परमाणु हथियार एक वैश्विक खतरा बने हुए हैं।

## यूपी सरकार ने अखिलेश को जेपी सेंटर जाने से रोका

### सपा प्रमुख ने घर में लगी लोकनायक की मूर्ति पर माला चढ़ाई, कहा- नीतीश एनडीए से समर्थन वापस लें

**लखनऊ, एजेंसी।**





यूपी सरकार ने शुक्रवार को अखिलेश यादव को जेपी कन्वेशन सेंटर जाने से रोका तो सपा प्रमुख ने घर में लगी लोकनायक जय प्रकाश नारायण की मूर्ति पर माला चढ़ा दी। इससे पहले अखिलेश नेजय प्रकाश नारायण नेशनल कन्वेशन सेंटर (जेपीएनआईसी) में माल्यार्पण करने की बात कही थी। अखिलेश को रोकने के पीछे क्षसरकार ने तर्क दिया- बारिश के चलते जेपीएनआईसी में जीव-जंतु हो सकते हैं, इसलिए माल्यार्पण करना सुरक्षित नहीं है। प्रशासन ने शुक्रवार को अखिलेश के घर के बाहर बैरिकेडिंग की, तार बिछाए और फोर्स तैनात कर दी। जेपीएनआईसी के बाहर भी टीन की दीवार खड़ी कर दी गई। अखिलेश ने जेपीएनआईसी जाने से रोकने पर कहा कि सरकारी अफसर खुद बिच्छू हैं। उन्होंने जदयू चीफ नीतीश कुमार से अपील की कि वे केंद्र की भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापस ले लें। जिस पर जेडीयू प्रवक्ता ने उन्हें सब्र रखने की सलाह दी। अखिलेश ने कहा- यूपी सरकार जेपीएनआईसी को बेचना चाहती है। पहले भी हमें माल्यार्पण से रोका गया। योगी लोकनायक का इतिहास नहीं जानते। क्ष सरकार गूंगी और बहरी सरकार है। ये विकास नहीं विनाश करने में माहिर है। यूपी सरकार और सपा के बीच टकराव गुरुवार रात शुरू हुआ, जब अखिलेश ने वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जेपीएनआईसी गेट पर टिन शेड की दीवार खड़ी करते हुए मजदूर दिखाई पड़े। अखिलेश ने पोस्ट में लिखा था- श्रद्धांजलि देने से रोकना सुसभ्य लोगों की निशानी नहीं है। शुक्रवार सुबह बैरिकेडिंग और फोर्स तैनात करने पर सपा ने सरकार से सवाल किया था- क्या ये हाउस अरेस्ट है।

## नासिक आर्टिलरी स्कूल में 2 अग्निवीरों की मौत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



महाराष्ट्र के नासिक में आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान 2 अग्निवीरों की जान चली गई। आर्टिलरी स्कूल में गुरुवार को फायरिंग की प्रैक्टिस चल रही थी। इस दौरान तोप में गोला लोड करते वक्त ब्लास्ट हो गया। घटना में अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शित (21) की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक अग्निवीरों की टीम भारतीय फील्ड गन से फायरिंग कर रही थी, तभी एक गोला फट गया। दोनों अग्निवीरों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें एमएच अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस मामले की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी शुरू कर दी गई है। एनसीपी बोली- दोनों अग्निवीरों को शहीद का दर्जा मिले एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा- ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्रालय को इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा देना चाहिए। साथ ही उनके परिवारों को मुआवजा भी दें। एक हफ्ते पहले मॉक ड्रिल में गई थी अग्निवीर की जान एक हफ्ता पहले 4 अक्टूबर को आग बुझाने की मॉक ड्रिल के दौरान अग्निवीर की मौत हो गई थी। यह हादसा राजस्थान के भरतपुर में हुआ था।

> ➲ फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान शेल ब्लास्ट हुआ, एनसीपी बोली- दोनों को शहीद का दर्जा दिया जाए

### रक्षा मंत्री ने सेना कमांडरों में भरा जोश, कहा

## देश की सुरक्षा में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका

**गंगटोक, एजेंसी।**



देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दार्जिलिंग के सुकना कैंट से सेना कमांडरों के सम्मेलन में वर्चुअल रूप से भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देश की सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ने और जरूरत के समय नागरिकों व प्रशासन की मदद के लिए आगे आने के लिए भारतीय सेना की तारीफ की। सेना कमांडरों में जोश भरते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना देश का सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठन है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गंगटोक जा रहे थे। मगर खराब मौसम के कारण उनकी उड़ान सिलीगुड़ी लौट आई। इसके बाद रक्षा मंत्री ने दार्जिलिंग के सुकना कैंट से वर्चुअली सेना कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने हर सैनिक के देश की रक्षा में दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। साथ ही राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सम्मानित भी किया।

## रतन टाटा के बाद सौतेले भाई नोएल संभालेंगे टाटा ट्रस्ट

### टाटा फैमिली के मेंबर, पारसी कम्युनिटी की पसंद, 40 साल से ग्रुप से जुड़े हैं




**मुंबई, एजेंसी।** 66 साल के नोएल टाटा अब टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन होंगे। वे रतन टाटा सौतेले भाई हैं। 9 अक्टूबर को रतन के निधन के बाद नोएल इकलौते दावेदार थे। हालांकि उनके भाई जिम्मी का नाम भी चर्चा में था, लेकिन वे पहले ही रिटायर हो चुके हैं। मुंबई में ट्रस्ट की मीटिंग में नोएल के नाम पर सहमति बनी। टाटा ट्रस्ट ने आधिकारिक बयान में कहा, उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अपने साथी ट्रस्टियों की ओर से मुझे दी गई इस जिम्मेदारी से मैं बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं। मैं श्री रतन टाटा और टाटा ग्रुप के फाउंडर्स की लेगेसी को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। एक सदी से भी यादा समय पहले स्थापित टाटा ट्रस्ट सोशल वर्किंग के लिए एक अनूठा माध्यम है। इस अवसर पर हम अपने विकास और जनहित के काम को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं। नोएल ने यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स से पढ़ाई की है। नोएल ने टाटा इंटरनेशनल से अपने करियर की शुरुआत की। 1999 में वे ग्रुप की रिटेल शाखा ट्रेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर बनाए गए। इसे उनकी मां सिमोन ने शुरू किया था। 2010-11 में उन्हें टाटा इंटरनेशनल का चेयरमैन बनाया गया। इसके बाद उनके ग्रुप के चेयरमैन बनाए जाने पर चर्चा शुरू हो गई। इस बीच सायरस मिस्त्री ने खुद टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाए जाने की बात कही। इसके बाद सायरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटा दिया गया।

# मोटर साइकिलें तथा पार्ट्स की बरामदगी के साथ शातिर आटो लिफ्टर हुए गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्व सम्बन्धित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन के में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चोरी के अभियोगो में संज्ञान में आये कुल चार शातिर ऑटोलिफ्टर अभियुक्त सौरभ त्रिवेदी पुत्र अभिमन्यु त्रिवेदी निवासी गौरिया कलां थाना कोतवाली देहात श्याम किशोर सिंह उर्फ कल्लू पुत्र मलखान सिंह निवासी गौरियां कलां थाना कोतवाली देहात सूरज पुत्र रामऔतार निवासी लोध पुरवा अनोगी थाना संदना भानू उर्फ प्रशान्त लोध पुत्र राम सिंह लोध निवासी चंदेहरा थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को हारून कमिश्नर की बाग निकट श्यामनाथ रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों की निशा देही पर मौके से कुल सात अदद मोटर साइकिल जिनमें एक प्लेटिना न. यूपी 34 एए 4599, एक स्प्लेंडर रंग काला न. यूपी 34 बीएम 5०62, तीन सुपर स्पलैण्डर यूपी 34एवी 865० एक अपाचे यूपी 32एन एम 9385,सुपर स्पलैण्डर यूपी 32 केवी 5174, सुपर स्पलैण्डर यूपी 34एडी688०एक बुलेट मोटर साइकिल यूपी 34 बीआर 3०17 बिना नम्बर प्लेट्स तथा एक मोटर साइकिल के खोले हुए पार्ट इंजन व वाहन खोलने के विभिन्न प्रकार के उपकरण बरामद हुए। अभियुक्तों ने पूंछताछ में बताया कि वे मिलकर जनपद के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से योजना बद्ध तरीके से मोटरसाइकिलें चोरी करते हैं जिन्हें लाकर छिपाकर रखकर उनके पार्ट को अलग अलग करते हुए पार्टस को बेचकर अपना जीवन यापन करते हैं। दिनांक 27अगस्त 2०24 को मोटर साइकिल सुपर स्पलैण्डर,मोहल्ला गोडियन टोला से,दिनांक 11 सितम्बर 2०24 को प्लैटिना मोटर साइकिल रंग काला ग्रे को आवास विकास कालोनी शहर सीतापुर से, दिनांक 11अगस्त 2०24 को स्पलैण्डर प्लस रंग काला मोटर साइकिल को ग्राम गोपालपुर थाना संदना क्षेत्र से,करीब दो माह पूर्व सुपर स्पलैण्डर रंग काला पुरानी बस्ती,संदना देवी मन्दिर थाना संदना सीतापुर से,करीब दो माह पूर्व अपाचे सफेद रंग की मोटर साइकिल सिधौली कस्बा सीतापुर से,करीब पन्द्रह दिन पूर्व सुपर स्पलैण्डर रंग काला को आगा कालोनी शहर सीतापुर से, करीब दो माह पूर्व सुपर स्पलैण्डर काला रंग को सहगल स्कूल शहर सीतापुर से एवं माह नवम्बर 2०23 को जेल गेट सीतापुर से बुलेट मोटर साइकिल रंग काला चोरी की थी। अभियुक्तों द्वारा कारित की गयी घटनाओं के संबंध में मु.अ.स.367/24 धारा 3०3(2) बी.एन.एस.,मु.अ.स.59/24 धारा 379 भादवि, मु.अ.स. 3०8/24 धारा 3०3(2) बी.एन.एस. थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर,मु.अ.स. 329 /24 धारा 3०3(2)बी.एन. एस०थाना संदना जनपद सीतापुर पंजीकृत हैं। अभियुक्तों के विरूद्ध मु.अ.स.388/24 धारा 317(2)/317(4)बी. एन.एस.थाना कोतवाली नगर पंजीकृत कर कठोर कार्यवाही हेतु सम्बन्धितों का चालान सम्बन्धित न्यायालय में किया गया। पुलिस के जिम्मेदारों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरूद्ध इसी तरह से निरन्तर कार्यवाही चलती रहेगी। इस खुलासे से सीतापुर नगर पुलिस टीम के उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह सुधाकर सिंह, हर्षित कुमार सिंह,विनोद कुमार गिरि, आरक्षी मोनू कुमार, विशेष कुमार, सौरभ कुमार, नवनीत तिवारी, सुरेन्द्र कुमार वर्मा,प्रिन्स तोंगर दीपक चौधरी शामिल रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की याद में समाजवादी पार्टी के कार्य कर्ताओं ने निकाली साइकिल यात्रा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की याद में साइकिल यात्रा निकाली गई। समाजवादी पार्टी के कार्य कर्ताओं ने प्रदेश सचिव राम पाल भार्गव के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली। साइकिल यात्रा का शुभारम्भ कस्बे के मोहल्ला बहादुरपुर स्थित पड़ाव मैदान से किया गया।इसके पूर्व मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी और नेताजी को याद किया।साइकिल यात्रा पड़ाव मैदान से प्रारम्भ होकर बिसवां चौराहा,नेशनल हाईवे,महमूदाबाद चौराहा अलादादपुर मार्ग पर भ्रमण करते हुए जिला पंचायत गेस्ट हाउस तिराहे पर पहुंची जहां उसका समापन किया गया। साइकिल यात्रा की अध्यक्षता कर रहे समाज वादी पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल भार्गव ने बताया कि नेताजी का न सिर्फ उत्तर प्रदेश की राजनीति में बल्कि पूरे देश के राजनीति में अहम योगदान रहा है। उन्होंने समाज के शोषित, पिछड़े,व दलितों के हितों के लिए समय समय पर विधान सभा में आवाज उठाई है।हमेशा किसानों के हित के लिए प्रयास किए। जिसकी वजह से नेताजी धरतीपुत्र के नाम से भी जाने जाते हैं। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिवमोहन यादव, युवजन सभा उपाध्यक्ष अमित यादव,छात्र सभा जिला सचिव अंकित सिंह बादल,विवेक यादव,आबिद अली,संजय यादव,पवन यादव,सिराज अली व जुबेर हाशमी सहित सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्य कर्ता मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्रनवमी पर कन्या भोज के बाद भक्तों के लिए हुआ भंडारा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर शुक्रवार को श्रृद्धालुओं ने मां सिद्धि दात्री पूजा की,कन्या पूजन और हवन किए। नवदुर्गा ग्रंथ के अनुसार शारदीय नवरात्र में नौवें दिन की अधिष्ठात्री देवी मां सिद्धि दात्री की उपासना से हर प्रकार की सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। जिले की खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता व अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने भुलनपुर खैराबाद में मां गौरी देवी मंदिर में कन्या पूजन कर कन्या भोज करवाया माता स्वरूप कन्याओं को भोजन करवा कर उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार व दक्षिणा प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनधि अभिषेक गुप्ता ने कहा नव रात्रि के नौवें दिन मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धि दात्री के चरणों में प्रणाम करता हूं। मां सिद्धिदात्री से प्रार्थना है कि भक्तजनों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करें और सद्बुद्धि देकर उनका कल्याण करें। इसके बाद मन्दिर प्रांगण में भंडारे का शुभारम्भ हुआ जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गौरी देवी मन्दिर अध्यक्ष बच्चन मिश्रा,बबलू मिश्र,सभासद आलोक बाजपेई,सभासद अप्पू , राकेश गुप्ता,संदीप गुप्ता, संदीप मिश्र,अंकित गुप्ता , गुड्डू त्रिपाठी,गौरव गुप्ता , गौरव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मुकीम पुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। जिले की तहसील सिधौली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुकीमपुर में मिशन शक्ति के अन्तर्गत स्कूल की छात्राओं को जागरूक किया गया। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर प्रदेश भर में चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान के क्रम में आज सिधौली विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम मुकीमपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा वर्मा सहायक अध्यापिका सुमिता श्रीवास्तव व रिमझिम चटर्जी ने संयुक्त रूप से विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं को उपहार वितरित किया। इस मौके पर प्रधान अध्यापिका आशा वर्मा ने सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी दी जिसमें विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा,नारी सम्मान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं एवं महिलाओं को अपराधों में तत्काल कार्रवाई के तहत 1090,112 के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही बच्चों को गुड टच बैड टच बाल अपराध, साइबर क्राइम आदि विषयों पर भी जानकारी दी गई। इस मौके पर सहायक अध्यापिका सुमिता श्रीवास्तव,रिमझिम चटर्जी, शिक्षामित्र सुरेश कुमार ललिता देवी मौजूद रहे।

## चंद्रमौली आश्रम रमनगरा में गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टडी मटेरियल का किया गया वितरण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। जिले के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत कोरार के रमनगरा इलाके में स्थित चन्द्र मौली आश्रम पर लायंस क्लब लखनऊ निर्वाण द्वारा सहयोग छात्र शिक्षा समिति के सहयोग से लगभग एक सौ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टडी मटेरियल का वितरण किया गया।साथ ही में उन विद्यार्थियों के लिए रिफ्रेश मेंट की भी व्यवस्था भी रखी गई। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब लखनऊ निर्वाण के सचिव डॉ.साकेत ने अपनी टीम के साथ गांव के जरूरत मंद बच्चों को स्टडी मटेरियल जैसे कॉपी,पेन, पेंसिल,रबर,स्केल,पेन्सिल बॉक्स आदि समेत कहानियों की किताबें भी वितरित की गई। सहयोग शिक्षा समिति के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने बहुत ही कुशलता से पूरे कार्यक्रम को अपने सहयोगी अमित मिश्रा,मंजीत यादव,सत्यम कुमार,अंबुज मिश्र,राजेंद्र सिंह,बिनीता,भानु प्रताप, भानु इत्यादि ने सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाया। इस कार्यक्रम के दौरान चन्द्रमौलि आश्रम की तरफ से संस्था के सचिव मुकेश मिश्रा ने उक्त कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आश्रम की तरफ से स्मृति स्वरुप रामचरित मानस एवं भागवत गीता की कॉपी भेंट कर सम्मान किया।

## फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ग्रामीणों पर रौब झड़ना पड़ा महंगा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। जिले के मधवा पुर चौराहे के पास उस समय भीड़ इकट्ठा हो गई जब एक आदमी सादे कपड़ों में नशे में धुत होकर एक मोटरसाइकिल से बली राम राजवंशी के घर पर पहुंच कर अपने को पुलिस का सिपाही बता कर सभी को रौब में लेने लगा वह जिस मोटरसाइकिल से आया था उस पर आगे अंग्रेजी में पुलिस तथा पीछे पुलिस का मोनोग्राम बना हुआ था।मोटरसाइकिल का नम्बर पी बी 1०/एफ पी 1284 अंकित था। देखने में हष्ट पुष्ट होने के कारण गांव वाले उसे पुलिस कर्मी समझकर उसकी भद्दी करतूतों को भी नजरंदाज कर रहे थे तथा स्थानीय पुलिस आने का इंतजार कर रहे थे।ग्रामीण भी पुलिस होने के कारण उसकी ग़लत मांगों एवं करतूतों को भी नजरंदाज कर रहे थे,परन्तु वह ग्रामीणों के घरों में भी घुसने का प्रयास करने लगा एवं अशोभनीय मांग करने लगा।उसी बीच किसी ने उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर सूचना थाना रामकोट पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंच कर पूछताछ कर रही थी। मामला गंभीर होने पर सूचना पुलिस अधीक्षक सीतापुर एवं वायरल वीडियो को पहुंचाया गया।उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर उस फ़र्जी पुलिस कर्मी को थाने ले आये जिससे किसी अनहोनी घटना होने से बच गई । उक्त फर्जी पुलिसकर्मी से कड़ाई से हुई पूंछताछ में उसकी पहचान नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के पश्चिमी वार्ड निवासी रामू उर्फ प्रवीण अवस्थी के रूप में हुई।

# सफेद हाथी बन कर रह गए अधिकांश पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालय

**➲अधिकांश शौचालयों में लगा रहता है ताला नहीं आते केयर टेकर फिर भी हो रहा भुगतान**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर। प्रधानमंत्री के सपनों के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के अन्तर्गत देश भर में पिछले काफी समय से जोर शोर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इसी स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत देश भर की ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण प्रधानमंत्री के मंशानुरूप गांव-गांव में कराया गया परन्तु भृष्टाचार के चलते ग्राम पंचायतों में बने यह सामुदायिक शौचालय सिर्फ सफेद हाथी बनकर रह गए। आज अधिकांश ग्राम पंचायतों के इन शौचालयों में केयरटेकर तो नियुक्त है और उसका समय से भुगतान भी हो रहा है परन्तु अधिकांशतया शौचालयों में सिर्फ ताला लटकता ही नजर आता है।जब इन शौचालयों की ग्राउंड जीरो पर पड़ताल की गई तो अधिकांश शौचालय में सिर्फ ताला लटकता ही मिला। जनपद के विकास खण्ड कसमण्डा में सुबह आठ बजे से लेकर नौ बजे तक के मध्य कुछ ग्राम पंचायत के इन सामुदायिक शौचालयों की पड़ताल की गई को अधिकांश शौचालयों में ताला लटकता ही पाया गया। सुबह ग्राम पंचायत सुरैचा कसमण्डा कुरसण्डा आदि ग्राम पंचायत में देखा गया तो सिर्फ ताला लटकता मिला। अधिकांश जगहों पर ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर नियुक्त केयरटेकर महीने में कभी-कभी ही दिखाई देते हैं तथा शौचालय ग्राम पंचायत वासियों के लिए निष्प्रयोज्य बनकर रह गये हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यह शौचालय सिर्फ दिखावा बनकर रह गए हैं तथा संचालन कर रहे हैं केयर टेकर बगैर काम के ही भुगतान ले रहे हैं।जब इस विषय पर ए डी ओ पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा से उनके मोबाइल नंबर पर जानकारी लेनी चाही गई तो उन्होंने मीटिंग का हवाला देते हुए बाद में फोन करने को कहते हुए फोन काट दिया। उसके बाद उन्होंने कहा थोड़ा हम फ्री हो जाएं तो हम नोटिस बनाते हैं।

# त्योहारों पर अकारण विद्युत कटौती न हो- डीएम



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता अतुल कुमार पुरूषोत्तम**

मैनपुरी। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों के साथ नगर के व्यस्ततम बाजार कोतवाली से लेकर आगरा रोड स्थित खानकाह रशीदिया तक पैदल गश्त कर जायजा लिया। उन्होंने भ्रमण के दौरान दुकानदारों से संवाद करते हुए कहा कि त्योहारों पर बाजार में भीड़-भाड़ रहेगी इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से सतर्क रहें, जिन दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं वह निरंतर क्रियाशील रहें, भीड़ के दौरान कुछ शरारती तत्व अफवाह फैलाने का प्रयास करेंगे, अफवाहों में न आए बल्कि सजग रहकर ग्राहकों पर नजर रखें, सभी के साथ अच्छा व्यवहार करें, आगामी त्योहारों की खुशियों को आपस में मिलकर मनायें। उन्होंने क्रिश्चियन तिराहा, तांगा स्टैंड संता-वसन्ता चौराहा, बड़ा चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से कहा कि वह संवेदनशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखें, बाजार में भीड़ के कारण जाम की समस्या उत्पन्न न हो, वाहनों का आवागमन सुचारू रहे, जिन रास्तों पर वाहन प्रतिबंधित हैं, वहां निर्धारित अवधि में वाहनों का संचालन न हो। श्री सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि आगामी त्योहारों पर विद्युत की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, अकारण विद्युत की कटौती न हो, बाजार में भीड-भाड के दौरान यदि अचानक विद्युत सप्लाई बाधित होगी तो समस्या उत्पन्न हो सकती है इसलिए विद्युत आपूर्ति का शाम के समय विशेष ध्यान रखा जाए, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय सफाई व्यवस्था के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट पर ध्यान दें, नगर के मुख्य मार्गों पर शाम से लेकर प्रातः तक सभी स्ट्रीट लाइट निर्वाध रूप से जलती रहें, जहां भी स्ट्रीट लाइट खराब हों, उन्हें प्राथमिकता पर बदला जाए। उन्होंने कहा कि बाजार में निराश्रित गोंवंश, आवारा जानवरों के कारण कोई व्यवधान न हो इस पर सम्बन्धित अधिकारी ध्यान दें, नगर क्षेत्र में निराश्रित गोवंश मिलें तो तत्काल उन्हें पकडवा कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाय, विद्युत, नगर निकाय के कर्मी मुख्य चौराहों पर तैनात रहें। भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिठास, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अजय सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अपनी बुजुर्ग मां को शराबी ने उतारा मौत के घाट, हत्यारा पुलिस गिरफ्त

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। जिले की लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अन्तर्गत इकलौते शराबी पुत्र के द्वारा अपनी मां की हत्या कर दी गई। घटना के बाद शुक्रवार को पैंसठ वर्षीय मृतका मूला का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव में आने पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई और हर कोई हत्यारे पुत्र दिवाकर को कोस रहा था। ज्ञातव्य है कि हत्यारा पुत्र दिवाकर शादी शुदा है और उसके एक आठ वर्ष का लड़का व पांच वर्ष की एक लड़की है।वह अपनी दादी मूला के पास रह रहे थे।दिवाकर की शराब पीने की गलत हरकतों के चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके में रह रही है। बृहस्पतिवार को शराब के नशे में धुत होकर तीस वर्षीय दिवाकर अपनी मां मूला से और शराब के लिए पैसे की मांग करने लगा। दिवाकर को शराब के लिए और पैसे ना देने पर दिवाकर ने अपनी मां मूला को पीट पीट कर मार डाला घटना के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतका मूला के पास थोड़ी सी कृषि योग्य भूमि है। शुक्रवार को गमगीन माहौल में मूला के शव अन्तिम संस्कार कर दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि पुलिस बल तैनात रहा।

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सिमुलतला के अन्या रिसोर्ट के संचालक फैवियन चालरस उड़ ने सभी सिमुलतला ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अन्या रिसोर्ट सिमुलतला में पर्यटकों के लिए यहाँ उतम व्यवस्था की सारी सुविधा उपलब्ध है।अन्या रिसोर्ट में रहना,खाना एवं वातानुकूलित कमरा एवं स्विमिंग पुल की उत्तम व्यवस्था है ।वहीं अन्या रिसोर्ट के संचालक ने बताया की घूमने के लिए पार्क की भी व्यवस्था है सिमुलतला एक ऐसा जगह है जहाँ की चारों तरफ पहाड़ के खुशनुमा माहौल में अन्या रिसोर्ट होटल खोला गया है। अन्या रिसोर्ट के संचालक फैवियन चालरस उड़ ने एहां आन वाले सभी पर्यटक को सारी सुबिधा उपलब्ध कराते है।








# आई.जी.आर.एस. शिकायतों के निस्तारण के अंतिम दिवस का इंतजार न करें, शिकायतों के निस्तारण में विशेष ध्यान दें -जिलाधिकारी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता अतुल कुमार पुरूषोत्तम**



मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जन-सुनवाई प्रणाली पोर्टल पर लंबित संदर्भों, असंतुष्ट फीडबैक की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माह सितम्बर में 05 शिकायती प्रार्थना पत्र डिफाल्टर होने, शिकायत के निस्तारण के उपरांत भी ''सी'' कैटेगरी में पाए जाने पर नम्बर की कटौती होने के फल-स्वरुप जनपद की रैंकिग में काफी गिरावट आई है, माह सितंबर में जनपद की रैंक प्रदेश में काफी खराब है। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि माह सितंबर में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के यहां-02, जिला पंचायत राज अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी किशनी, उप जिलाधिकारी करहल के यहां 01-01 शिकायती पत्र डिफाल्टर की श्रेणी में पाया गया है, जिला पंचायत अधिकारी के यहां 09 शिकायती पत्र ''सी'' कैटेगरी में प्राप्त हुए हैं, संबंधित अधिकारी कार्यशैली में सुधार लाकर ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण के प्रति संवेदनशील रहें, यदि भविष्य में किसी भी विभाग में कोई शिकायत डिफॉल्टर की श्रेणी में पाई गई तो संबंधित की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्यवाही होगी। श्री सिंह ने कहा कि जन-शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं, शिकायतों के निस्तारण में हीला-हवाली करने के कारण ही शासन स्तर से कारण बताओं नोटिस जारी किए जा रहे हैं इसलिए सभी अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण में क्वालिटी से समझौता न करें, अधीनस्थों द्वारा किए गए निस्तारण को स्वंय पढ़कर देखें, शिकायत के निराकरण को अपलोड करने से पहले प्रत्येक दशा में शिकायतकर्ता से अवश्य बात करें यथासंभव मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए, मौके पर की गई कार्यवाही पर शिकायतकर्ता के साथ दो संभ्रांत व्यक्तियों के भी हस्ताक्षर कराए जाएं, मौके का फोटो खींचकर आख्या के साथ अपलोड किया जाए, जो भी आख्या अपलोड की जाए वह सुस्पष्ट हो। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मतलब समस्या का पूर्ण निदान करना है इसलिए कोई भी अधिकारी प्राप्त शिकायत को दूसरे विभाग में भेजकर अपनी जिम्मेदारी खत्म न समझे बल्कि उस विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान कराये। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी अपने तहसील, ब्लॉक लेवल के अधिकारियों, कर्मचारियों की कार्यशैली पर नजर रखें, तहसील-ब्लाक स्तर पर प्राप्त शिकायतों का भी संज्ञान लें, तहसील-ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए गए निस्तारण का रेंडम तौर पर शिकायतकर्ता से वार्ताकर फीडबैक प्राप्त करें, सुनिश्चित किया जाए कि शासन स्तर से किसी भी शिकायत पर असंतुष्ट फीडबैक, सी कैटेगरी प्राप्त न हो। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन शिकायतों में सी कैटेगरी प्राप्त हुई है, उन पर निस्तारण आख्या स्पष्ट नहीं थी, संबंधित अधिकारी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक शिकायतें उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी से संबंधित प्राप्त होती है इसलिए उक्त अधिकारी बेहद गंभीर रहकर शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शासन स्तर से बड़ी संख्या में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं, अधिकारी इस ओर ध्यान दें, प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की मंनीटरिंग सीधे शासन स्तर से की जा रही है इसलिए जन-समस्याओं के निदान को लेकर सभी अधिकारी बेहद सतर्क रहें, अधिक संख्या में असंतुष्ट फीडबैक की दशा में सीधे शासन स्तर से ही कार्यवाही होगी। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, एडीओ पंचायत किशनी, तहसीलदार घिरोर, सदर के यहां 07-07, उप जिलाधिकारी भोगांव, तहसीलदार भोगांव, अधिशाषी अभियंता विद्युत, खण्ड विकास अधिकारी कुरावली, जिला पंचायत राज अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी किशनी, एडीओ पंचायत बेवर के यहां 06-06, उप जिलाधिकारी मैनपुरी, उप कृषि निदेशक के यहां 05-05, तहसीलदार किशनी के यहां 10, खंड विकास अधिकारी सुल्तानगंज के यहां 12, खंड विकास अधिकारी जागीर के यहां 13 तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत के यहां 14 शिकायतें अगले दो दिन में डिफाल्टर की श्रेणी में आ रही है, अगले 2 दिन अवकाश भी है इसलिए संबंधित अधिकारी आज ही डिफाल्टर होने वाली शिकायतों का निस्तारण कर आख्या अपलोड करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर जिला अधिकारी न्यायिक नवीन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर. सी. गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए सत्येन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# महानवमी पर हवन कर दी गई पूर्णाहुति, कन्याओं को भोज कराकर किया व्रत परायण



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। नवरात्र के शुक्रवार को महानवमी पर घरों व मंदिरों में हवन-पूजन किया गया। इसके साथ ही देवी मां की स्वरूप कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज भी कराया गया। दुर्गा पूजा पंडालों में भी महानवमी की पूजा हुई। शारदीय नवरात्र का पर्व पर निलमथा कामाख्या कॉलोनी स्थित शीतला माता मंदिर पर श्री मां दुर्गापूजा समिति के द्वारा महानवमी की पूजा अर्चना के साथ हवन कर पूर्णाहुति दी गई। कन्याओं का पूजन किया गया और उनको भोज कराया गया। नवरात्र के समापन पर कन्याओं को भोज कराने का बहुत महत्व है। छोटी कन्याओं को दुर्गा माता का स्वरूप माना जाता है। प्रतिपदा से नवमी तक व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना करने वाले भक्तों ने महानवमी पर कन्या भोज कराया। नीलमथा शीतल माता मंदिर को सजाया गया व दुर्गा पूजा पंडाल में महानवमी का पूजन श्री मां दुर्गापूजा समिति के लोगों ने हवन-पूजन के साथ मां दुर्गा को भोग लगाया गया, इसके बाद भंडारा कर प्रसाद भक्तों में वितरण किया गया। शुक्रवार को श्री मां दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद सिंह, उर्मिला देवी, सचिव अनुज कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष प्रेम सागर दुबे, रणवीर सिंह, विनोद राय, वीरेंद्र सिंह, रंजन पांडे, शमशेर सिंह सहित आदि लोग मौजूद थे।

# दुर्गापुरी में माता दुर्गा देवी के भक्तों द्वारा की गई पूजा अर्चना



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। निलमथा दुर्गापुरी कॉलोनी मे नवरात्रि के दिनो में मां दुर्गा मंदिर के मुखिया एव समाजसेवी दुर्गा यादव ने कहा कि नवरात्र के दिनो मे बड़ी ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की जाती है और नवमी के दिन से रामायण का भी आयोजन किया जाता है और दशमी के दिन बड़ी धूमधाम के साथ भंडारे का भी आयोजन होता है और काफी संख्या में भक्तगण पहुंचकर प्रसाद का ग्रहण करते हैं और नवरात्र के दिनो में मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है वही भक्तों द्वारा मां दुर्गा माता के दर्शन के लिए भक्तों ने नवमी के दिन काफी संख्या में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और माता जी के चरणों में शीश नवा कर मनोकामना पूर्ण होने की मांग की वहीं महिलाओं ने भी नारियल चुनरी चढ़कर विधिवत पूजा अर्चना की

# विजलेंस टीम ने प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अब्बास के नेतृत्व मे अमीनाबाद मे पकडी विधुत चोरी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



अमीनाबाद। बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से लेसा की विजलेंस टीम ने सबसे अधिक बिजली चोरी कराने वाले अमीनाबाद पावर हाउस क्षेत्र मे प्रभारी निरीक्षक सैय्यद मोहम्मद अब्बास प्रवर्तन दल लेसा-3 के नेतृत्व मे व्यापक चेकिंग अभियान चलाया । प्रभारी निरीक्षक सैय्यद मोहम्मद अब्बास के साथ अवर अभियंता मध्य टीम उमेश कुमार तथा अमीनाबाद पावर हाउस के उपखण्ड अधिकारी, तथा अवर अभियंता अमीनाबाद पावर हाउस के साथ नजीराबाद रोड तथा गंगाप्रसाद रोड के आस पास व्यापक छापेमारी कर बिजली की चोरी पकडी । बिजली चोरी करने वाले नूर आलम पुत्र शौकत अली निवासी 168/21ए नजीराबाद रोड अमीनाबाद थाना अमीनाबाद लखनऊ, को मीटर के पास से केबल काटकर 6.031-किलोवाट तथा दिनेश कुमार पुत्र सूरज सोनकर निवासी 158/28 गंगाप्रसाद रोड थाना अमीनाबाद लखनऊ को मिटर के पास से मेन लाइन मे कट मारकर 4.053 किलोवाट की बिजली चोरी करते हुए पकडा । उपरोक्त बिजली चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर विधिक कार्यवाही की जा रही है । सनद रहे कि अमीनाबाद पावर हाउस अंतर्गत सम्मिलित मोहल्लो मे बडे पैमाने पर पावर हाउस कर्मचारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी होती है जिसकी जागरुक नागरिकों ने अनेको बार शिकायतें भी की, किन्तु अमीनाबाद पावर हाउस के अधिकारी बिजली चोरो पर कार्रवाई करने की जगहां शिकायत कर्ता का नाम एव नम्बर बिगली चोरो को उपलब्ध कराकर उलटा शासन की मदद करने वालों को ही असहज कर मनोबल तोडने का कार्य करते रहे है । यही नही नये कनेक्शन को सुलभ बनाने के सरकार के नये नियमो को ताक पर रख उपभोक्ता को सबसे अधिक प्रताड़ित भी अमीनाबाद पावर हाउस ही करता है, जहाँ एक ओर भवन पर अवैध कबजा करने वालों को बिना किसी वैध कागजों के केवल सभासद की चिट्ठी पर भवन संख्या 182/26 मशकगंज में चार कनेक्शन दिये गये, तो वहीं वैध कागजों के आधार पर दो साल से अधिक समय से कनेक्शन के लिए दौड रहे भवन संख्या 181/89/ख/ खेमेदोजान मशकगंज निवासी नसीम अब्बास को टरकाया जा रहा है ।

# स्वर्गीय रतन टाटा देश के वास्तव में भी रतन थेः राकेश मणि पाण्डेय



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। हिंद मजदूर पंचायत के प्रदेश महामंत्री राकेश मणि पांडे ने स्वर्गीय रतन टाटा निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मीडिया को उद्योगपति रतन टाटा की बीते दिनों के बारे में बताया प्रदेश महामंत्री राकेश मणि पांडे ने यह भी कहा कि भारत में पहली बार कम बजट वाली नैनो कार उद्योगपति रतन टाटा की कंपनी ने पहली बार लॉन्च किया था रतन टाटा ने देश के लिए बहुत ही अच्छे काम भी किया था और एक स्वर से प्रस्ताव देकर उनके सहजता और मजदूरो के प्रति निष्ठा पर चर्चा की गयी जो आज के परिवेश में उद्योगपतियों में नहीं पायी जाती है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि स्वर्गीय रतन टाटा देश के वास्तव में भी रतन थे और उनकी भरपाई सम्भव नहीं है उनके देश के प्रति लगन को जल्दी भुलाया नहीं जा सकेगा। उनके लखनऊ प्रवेश के दौरान टाटा आद्योगिक क्षेत्र के निर्माण हेतु भू-अधिग्रहण के समय तमाम स्थानीय निवासियों और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के तमाम सदस्यों से भी वार्ता हुई थी, जिनके प्रयासों के चलते तमाम स्थानीय निवासियो को रोजगार और क्षेत्र के विकास में सहायक बने। वे उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में काफी मद्द की हाला कि प्रदेश के दूसरे राज्यो में भी मजदूरों को सम्मान जनक स्थिति को बनाये रखने के लिए उद्योगो को लगाने का कार्य किया किन्तु दुर्भाग्य है कि रतन टाटा बंगाल में सफल नहीं हो सकें और उन्हे उस उद्योग को गुजरात में लाना पड़ा। फिर भी रतन टाटा को सभी राजनैतिक दलों का सम्मान सहजता से मिलता रहा है। देश के विकास में बेहतर सोच वाला उद्योगपति अब देश में मौजूद नहीं रहा।

# एल यू में टैगोर पुस्तकालय का उद्घाटन

**❑ 360 उपयोगकर्ताओं के लिए रीडिंग रूम की व्यवस्था शामिल**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। विश्वविद्यालय के नवीनीकृत टैगोर पुस्तकालय का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के द्वारा किया गया। इस नए स्वरूप में टैगोर पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें स्वचालित उपस्थिति प्रणाली और 360 उपयोगकर्ताओं के लिए रीडिंग रूम की व्यवस्था शामिल है। छात्रों के अध्ययन को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए टेबल पर ही प्रकाश व्यवस्था की गई है, जिससे पहले की दीवारों पर लगी ट्यूबलाइट्स की तुलना में बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके साथ ही, पंखों और खिड़कियों के जरिए हाल को और अधिक हवादार बनाने का प्रयास किया गया है। पुस्तकालय में नए इशू-रिटर्न काउंटर का निर्माण किया गया है, और आर्ट गैलरी में रखी गई दुर्लभ कलाकृतियों को जन सामान्य के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। साइबर लाइब्रेरी, ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग और ई-रिसोर्सेज जैसी आधुनिक सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए नई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा, गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की 10 फीट 6 इंच ऊंची प्रतिमा का अनावरण भी कुलपति जी द्वारा किया गया। इस प्रतिमा के साथ, टैगोर के जीवन और साहित्य से जुड़े एक विशेष कार्नर का निर्माण किया जाएगा, जो शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा।

## सैरपुर मड़ियांव के बाद चाचू नमक गोदाम में लगी आग

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। रानीगंज क्षेत्र में उसवक्त हड़कंप मच गया चाचू नमक गोदाम में आग लग गई जानकारी के अनुसार आग गोदाम के पिछले हिस्से में लगी थी, जिससे धुआं निकल रहा था इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। वही पुलिस ने हजरतगंज फायर स्टेशन को सूचना दी। सूचना पा कर तत्काल तुरंत दो गाड़ियां और अमीनाबाद यूनिट घटनास्थल पर भेजी गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। आग को नियंत्रण में लाने के लिए मोटर फायर इंजन से होज पाइप फैलाकर पंपिंग की गई। साथ ही, चौक आलमबाग से फायर टैंकर बुलाए गए। आग को काबू करने के लिए गोदाम की दीवार दो जगह से काटकर स्मोक एग्जॉस्ट फैन लगाए गए ताकि धुआं निकल सके। तीन पंपिंग लाइनों का उपयोग करके कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया गया। जानकारी केमुताबिक गोदाम में आइसक्रीम अचार और कई तरह के सामग्री मौजूद थी आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है ।इस घटना में कोई जानहानि नहीं हुई।फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया

## समाचार

### अवैध असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस को चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुशांत वर्मा उर्फ इलू, निवासी नीरज पुजारी के घर के पास माधोपुर थाना ठाकुरगंज लखनऊ, एक नाजायज तमंचा 315, बोर व एक जिन्दा कारतूस,व एक खोका के साथ नैनीताल स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

### मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा,थाना हुसैनगंज पुलिस को वादिनी पीड़िता द्वारा प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया,वादिनी पीड़िता के साथ मारपीट करना व पीड़िता को डरा धमकाकर व फोटो वायरल करने पर 40000रु ले लेना व जान से मरने की धमकी देने के सम्बन्ध में बनाम अमन वर्मा हाल पता एफ आई कालेज आफ नर्सिंग थाना बन्थरा लखनऊ, आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था, थाना प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने पुलिस टीम को सख्त निर्देश दिए आरोपी बच के जाने ना पाए, मुखबिर की सूचना पर, आरोपी को घर के बाहर से गिरफ्तार किया गया, इस क्रम (मध्य) क्षेत्र में, डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना हुसैनगंज प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता, के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

### 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता इरफान कुरैशी**




लखनऊ। थाना मड़ियांव पुलिस को आवेदक मो शालिम निवासी कंचनपुर मटियारी थाना चिनहट लखनऊ द्वारा बावत, वादी को सामान लेने को भेजकर वादी ई रिक्शा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, सूचना मिलते ही,तेज तर्रार थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने पुलिस टीम को गठित कर रवाना किया, चोर की तलाश जारी कर दी, तभी मुखबिर की सूचना दी दो व्यक्तियों को चोरी ई रिक्शा के साथ द आफं नैनीताल के सविस रोड से कपड़ लिया गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम अनुज यादव, निवासी म.न. 151 डाक तार आवास कालोनी निकट आकाशवाणी केन्द्र थाना चिनहट लखनऊ,2 धीरज शुक्ला नि. ग्राम नेवादा गढ़ी सण्डीला थाना बेनीगंज जिला हरदोई, कब्जे से चोरी का एक ई रिक्शा बरामद हुआ, इसी क्रम में , डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

# आगामी चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों के साथ बीएसपी का कोई गठबंधन नही : मायावती

- **भाजपा एवम कांग्रेस गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही रहेगी जारीः मायावती**
- **बीएसपी नही जोड़ेगी दूसरी पार्टी के स्वार्थी नेताओं को अपने साथः मायावती**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। हरियाणा विधान सभा चुनाव में बीएसपी का खाता तक न खुल पाने से नाराज उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवम बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर एक के बाद एक अपने चार ट्वीट करते हुए बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि चुनावों में आगे वह क्षेत्रीय पार्टियों के साथ कोई गठबंधन नही करेगी जबकि भाजपा एवम कांग्रेस गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी। मायावती ने चुनावों में गठबंधन से प्राप्त हुए निराशा जनक परिणामों पर कहा कि यूपी सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बीएसपी का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने किन्तु उनका वोट बीएसपी को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी। इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर आज हरियाणा व पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय, जबकि भाजपा/एनडीए व कांग्रेस/इण्डिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी। मायावती ने कहा कि देश की एकमात्र प्रतिष्ठित अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी व उसके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के कारवाँ को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं, जिस क्रम में अपना उद्धार स्वंय करने योग्य व शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रखनी जरूरी। बीएसपी विभिन्न पार्टियों/संगठनों व उनके स्वार्थी नेताओं को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि 'बहुजन समाज' के विभिन्न अंगों को आपसी भाईचारा व सहयोग के बल पर संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनाने व उनको शासक वर्ग बनाने का आन्दोलन है, जिसे अब इधर-उधर में ध्यान भटकाना अति-हानिकारक। आपको बता दें कि हरियाणा ही नही लोकसभा चुनाव में भी बीएसपी का खाता तक नही खुल पाया और इससे पहले 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बीएसपी मात्र एक सीट पर ही सिमट कर रह गई थी।

## विक्षिप्त युवती घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ी मिली

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में शुक्रवार सुबह एक विक्षिप्त युवती घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ी मिली। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसका इलाज करने के बाद बंथरा इलाके के मातृ छाया आश्रम पहुंचा दिया। सरोजनीनगर पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उसे इलाके के शहीद पथ स्थित बेहसा गांव के पास सड़क किनारे करीब (35) वर्षीय विक्षिप्त युवती के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली । सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां से उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोक बंधु अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने उसे विक्षिप्त महिलाओं की देख रेख करने वाले बंथरा के लोनहा स्थित मातृ छाया आश्रम पहुंचा दिया। पुलिस का कहना है कि उसकी चोटों से लग रहा था कि दो-चार दिन पहले वह सड़क दुर्घटना में घायल हुई होगी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज-5 का विशेष अभियान का शुभारंभ

**❑ फेज-5 के अंतर्गत माह अक्टूबर से माह दिसंबर 2024 तक किया गया है**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। कार्ययोजना की थीम अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस राजकीय बालिका गृह, सिंधी खेड़ा, पारा एवं राजकीय शिशु ग्रह, प्राग नारायण रोड पर कन्या पूजन करके मनाया गया। राजकीय बालिका मे महिला कल्याण विभाग निदेशक, संदीप कौर द्वारा संस्था के बच्चों को कैप,टी-शर्ट, बैंड, किताबें भेंट दी कार्यक्रम में उपनिदेशक महिला कल्याण, पुनीत मिश्रा, उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी,लखनऊ मंडल,प्रवीण कुमार त्रिपाठी, डा. सुदर्शन एवं अधिक्षिका सफलता उपस्थित रहे। राजकीय शिशु ग्रह में राज्य बाल आयोग सदस्या डा. सुचिता चतुर्वेदी एवं संस्था अधिक्षिका रीता टमटा , यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर रिजवाना, संरक्षण अधिकारी सूर्यकांत चौरसिया उपस्थित रहे।

# पीएनसी की लापरवाही से गई स्कूटी सवार युवक की जान



सूर्या गुप्ता

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी की लापरवाही से बंथरा में गुरुवार रात स्कूटी सवार एक युवक की जान चली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान कानपुर रोड संकरी हो जाने से उसके दोनों तरफ रोड चौड़ी करने के लिए टेंपरेरी रूप से डामर युक्त रोड बना दी गई थी। लेकिन अब वह डामर उखड़ने लगा। इसके लिए पीएनसी द्वारा उसकी एक परत निकाल दी गई। जिसकी वजह से बंथरा में दादूपुर मोड़ के पास गड्ढे हो गए। इसी बीच बंथरा कस्बा निवासी बेकरी दुकान संचालक सूर्या गुप्ता (25) गुरुवार रात करीब 11 बजे शिवपुरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती अपने चाचा को देखकर स्कूटी से वापस घर लौट रहा था। तभी उक्त गड्ढों में पहुंचते ही उसकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह स्कूटी सहित रोड पर गिर गया। उसके गिरते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया। इस हादसे में सूर्या के दोनों पैर कुचलकर बुरी तरह क्षत विक्षत हो गए। इतना ही नहीं उसका एक पैर धड़ से अलग हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सूर्या को इलाज के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना के बाद डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है।

# प्लाट बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। प्रतापगढ़ जिले के कोहडौर थाना अंतर्गत कसियाही निवासी निकिता सिंह ने मूल रुप से प्रतापगढ़ जिले के ही अंतू थाना अंतर्गत पूरे चौहान गांव व वर्तमान में गोमती नगर के विजयंत खंड निवासी रीता सिंह के खिलाफ प्लाट बिक्री के नाम पर 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। निकिता सिंह का कहना है कि उन्होंने रीता सिंह और प्रतापगढ़ के ही बाघराय थाना अंतर्गत डंडवा गांव में रहने वाली मधुलिका सिंह से बिजनौर के रसूलपुर इटुरिया गांव में 1000 स्क्वायर फीट जमीन की 8 अगस्त 2019 को रजिस्ट्री कराई थी। लेकिन आरोप है कि कई बार जमीन पर कब्जा दिलाने की बात कहने के बावजूद उसे 5 वर्षों तक कब्जा नहीं दिया गया। बल्कि कहा कि उनके पास जमीन नहीं है। इस पर जब निकिता ने विक्रेताओं पर दबाव बनाया तो उन्होंने जमीन के वर्तमान रेट के हिसाब से 10 लाख रुपए वापस करने की बात कहते हुए समझौता कर लिया। आरोप है कि समझौते पर मधुलिका सिंह ने तो हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन रीता सिंह ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। उन्होंने मौखिक तौर पर जून में अपने हिस्से के 5 लाख रुपए देने की बात कही। निकिता का कहना है कि इसके बाद मधुलिका ने तो अपने हिस्से के 5 लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन रीता ने अपने हिस्से के 5 लाख रुपये अब तक नहीं वापस किए। फोन करने पर फोन भी नहीं रिसीव किया जाता है। फिलहाल निकिता की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### विजय दशमी के अवसर पर बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष विराज सागर ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। बी.बी.डी. ग्रुप के अध्यक्ष एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने शारदीय नवरात्रि, दशहरा, विजयदशमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की है। विराज सागर दास ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय एवं असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। श्री विराज सागर ने इसके साथ ही प्रदेशवासियों से अपील की है कि आज हमारे समाज को आवश्यकता है कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक से भी इस दशहरे में बुराई मानते हुए दूर होने का संकल्प लें ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी स्वस्थ और प्रसन्न रह सके।

हिन्दी दैनिक **तीसरा विकल्प** न्यूज़

लखनऊ से प्रकाशित



# संपादकीय

## आत्म मंथन का वक्त

हरियाणा में वापसी को लेकर बनी बड़ी उम्मीदों के बीच आए अप्रत्याशित चुनाव परिणामों ने निश्चय ही कांग्रेस पार्टी सांसत में है। पार्टी का केंद्रीय व राज्य नेतृत्व स्तब्ध है कि आखिर ये क्या और कैसे हुआ। भले ही पार्टी ईवीएम व चुनाव प्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर रही है, लेकिन इसके बावजूद उसे हरियाणा में शिकस्त और जम्मू-कश्मीर में निराशाजनक प्रदर्शन से सबक लेना चाहिए। निश्चय ही इस प्रदर्शन ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर दिया है। यहां तक कि इंडिया गठबंधन में घटक दलों द्वारा बयानबाजी का दौर तेज हुआ है। वे कांग्रेस के अति आत्मविश्वास को विफलता की वजह बता रहे हैं। निस्संदेह, लोकसभा चुनाव परिणामों में बाद देश की यह सबसे पुरानी पार्टी पिछले दो आम चुनावों की तुलना में बेहतर स्थिति में नजर आई थी। पार्टी को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में मान्यता भी मिली थी। वहीं पार्टी के युवा तुर्क राहुल गांधी खासे मुखर थे। लेकिन आठ अक्तूबर के नतीजे के बाद स्थितियां बदल गई हैं। इसके कुछ सहयोगियों, जैसे कि शिव सेना-यूबीटी, सीपीआई और आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को आगामी विधान सभा चुनावों के लिये आत्मनिरीक्षण करने की सलाह दी है। साथ ही अपनी आगामी रणनीति की समीक्षा करने की सलाह भी दी है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सीट बंटवारे की बातचीत फिलहाल अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। शिवसेना-यूबीटी और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी कांग्रेस इस बदले हालात में सीटों के बंटवारे के लिये बेहतर सौदेबाजी करने का अवसर महसूस कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने गठबंधन के सहयोगियों को तुरंत याद दिलाया है कि उसने इस साल हुए लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसने जिन 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से तेरह पर जीत हासिल की थी (बहरहाल ऐसे तर्कों के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में की गई चूकों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसके कई फैसलों को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। गठबंधन में शामिल आप के साथ तालमेल करने के बजाय अकेले चुनाव लड़ना सवालों के घेरे में रहा है। यद्यपि हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप को एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन पार्टी द्वारा हासिल 1.79 वोट शेयर ने भाजपा और कांग्रेस में कांटेदार टक्कर के बीच नतीजों पर कुछ असर तो डाला ही है। भले ही कांग्रेस आलाकमान अपने फैसलों को लेकर तर्क देता रहे, लेकिन उसे अपने गठबंधन के साझेदारों के प्रति अधिक उदार होने की जरूरत है। झारखंड में भाजपा के प्रभुत्व के मद्देनजर कांग्रेस को इतना विनम्र तो होना चाहिए कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाद दूसरी भूमिका निभा सके। महाराष्ट्र में भी, उसे इस बात को प्राथमिकता देनी चाहिए कि गठबंधन के लिये क्या बेहतर हो सकता है न कि वह अपने पार्टी हितों को प्राथमिकता दे। यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि लोकसभा चुनावों में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न कर पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी अच्छी तरह से एकजुट हो गई है। पार्टी ने अपने अहमङ् को त्यागकर गठबंधन धर्म की राह पकड़ी है।

## हरियाणा की जीत के बाद फिर लौटा नरेंद्र मोदी का पुराना अंदाज

मंगलवार की रात मोदीजी ने अपने पुराने अंदाज में ही भाषण दिया। हरियाणा में भाजपा की सफलता के बाद प्रधानमंत्री के विजय भाषण से ऐसा लगा जैसे उन्होंने राष्ट्रीय चुनाव में जीत हासिल कर ली हो। उन्होंने वह सब कुछ कहा जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद कहने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी पार्टी के लिए कम जनादेश के कारण ऐसा नहीं कर सके थे। मंगलवार की रात का संबोधन राज्य विधानसभा चुनाव के दायरे से कहीं आगे निकल गया। हरियाणा में भाजपा की अप्रत्याशित सफलता ने उनमें नई एड्रेना लाईन की खुराक भर दी। इस संबोधन में मोदी ने अविश्वास से भरा और एक ऐसे नेता की छवि पेश की जो अपने आख्यान को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक था। बॉडी लैंग्वेज ने नये जोश की कहानी बयां की, जो 2024 के चुनाव के बाद के मोदी के बिल्कुल विपरीत था, जो हिचकिचाते और सतर्क दिखाई दिए थे। उस समय, उनके भाषण गठबंधन की गतिशीलता और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संदर्भों से भरे हुए थे, जो एक ऐसे नेता को दर्शाते थे जो अपने सहयोगियों द्वारा असुरक्षित और विवश महसूस करता था। लेकिन मंगलवार की रात की बात अलग थी। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों और विजन के बारे में जोश से बात की और प्रभावी रूप से माहौल को अपने पक्ष में मोड़ दिया एक ऐसे समय में जब लग रहा था कि राहुल गांधी की कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष गति पकड़ रहा है। शुरुआती चुनावी गणनाओं से कांग्रेस के लिए संभावित भूस्खलन का संकेत मिल रहा था, जिससे उसके समर्थकों में आशावाद जग रहा था। फिर भी, जैसे-जैसे परिणाम सामने आये, भाजपा ने पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए अपने मुख्यालय में उदास माहौल को उल्लास में बदल दिया। इस बदलाव ने न केवल पार्टी के उत्साह को बढ़ाया बल्कि अपने समर्थकों के बीच मोदी की स्थिति को भी मजबूत किया। यह आगामी महाराष्ट्र चुनावों के लिए एक रणनीतिक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में कार्य कर सकता है, जहां दांव ऊंचे हैं। मौजूदा सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कांग्रेस-एनसीपी (शरद पवार)-शिव सेना (उद्धव) गठबंधन भाजपा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मुंबई में जीत राहुल गांधी के लिए बहुत जरूरी गति प्रदान करेगी, जिनकी पार्टी घटते मनोबल से जूझ रही है। मोदी के लिए, हरियाणा के परिणाम न केवल उनके आत्मविश्वास को फिर से जीवंत करते हैं, बल्कि उन्हें आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के साथ-साथ कहानी को अनुकूल रूप से तैयार करने का अवसर भी देते हैं।

# सीताराम येचुरी : साधारण व्यक्ति, असाधारण व्यक्तित्व





**आलेख : संजय पराते**

कॉमरेड सीताराम येचुरी को गुजरे एक माह हो चुके हैं। उनके निधन के बाद उनके चहेतों ने उनके व्यक्तित्व और वर्तमान राजनीति में उनकी प्रासंगिकता के बारे में बहुत कुछ कहा है, तो संघी गिरोह ने उन पर अपने नफरती हमले भी लिए हैं। सीताराम जिस वर्गीय राजनीति से ताल्लुक रखते थे, उसे देखते हुए इन हमलों में नया कुछ भी नहीं था। ये हमले वामपंथी राजनीति की जीवंतता का ही प्रतीक है। सीताराम देश की आजादी के बाद की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते थे, जिनकी वामपंथी शिक्षा-दीक्षा ईएमएस नंबूदिरीपाद, हरकिशनसिंह सुरजीत, एम बासवपुनैया जैसे प्रख्यात कम्युनिस्ट नेताओं और स्वाधीनता संग्राम सेनानियों की देख-रेख में हुई थी। इनमें से प्रत्येक के साथ स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरक प्रसंग जुड़े हुए हैं। ईएमएस नंबूदिरीपाद को केरल का गांधी माना जाता है, जिनका रूपांतरण एक कांग्रेसी से कम्युनिस्ट में हुआ था। मानव विकास संकेतकों पर आज केरल जिस ऊंचे स्थान पर खड़ा है, उस आधुनिक केरल के निर्माण में उनका अविस्मरणीय योगदान है। सुरजीत के साथ अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और एंटी बेटरमेंट लेवी आंदोलन का इतिहास जुड़ा था, तो बासवपुनैया सशस्त्र तेलंगाना आंदोलन के नायक थे। आजादी के पहले और आजादी के बाद आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ने में कम्युनिस्टों की कोई सानी नहीं है। वर्तमान भारत को रूपाकार देने में वामपंथियों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। एक मेधावी छात्र के रूप में अपनी पढ़ाई के दौरान दिल्ली में आकर सीताराम स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के जरिए वामपंथी राजनीति से जुड़ते हैं। एसएफआई का नारा है -- पढ़ाई और लड़ाई साथ-साथ। पढ़ाई -- अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम सहित ज्ञान-विज्ञान की तमाम विषय वस्तुओं का, जो मानव समाज की उन्नति के लिए मनुष्य की चेतना को एक वैज्ञानिक चेतना में ढालने का काम करें। लड़ाई -- सरकार की शिक्षा नीति और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष, जो वर्गीय शोषण से पीड़ित एक शोषित समाज को शोषणमुक्त समाज में बदलने के आंदोलन को तेज करे। अपने पूरे जीवन में सीताराम ने एसएफआई के इस नारे पर अमल किया। इस नारे पर अमल ने ही उन्हें छात्र समुदाय के बीच एक संघर्षशील नेता के रूप में स्थापित किया और वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के लगातार तीन बार अध्यक्ष चुने गए। जेएनयू के साथ उनका जुड़ाव अंत तक बना रहा। जेएनयू का कोई छात्र संघ चुनाव ऐसा नहीं था, जिसमें उन्हें छात्र समुदाय को संबोधित करने के लिए न बुलाया गया हो। जेएनयू के साथ उनका ऐसा प्रगाढ़ संबंध था कि उनकी मृत्यु के बाद उनकी नश्वर देह ने इस विश्वविद्यालय के परिसर में कुछ क्षण विश्राम किया और समूचे छात्र समुदाय ने उनको अपनी अंतिम सलामी दी। उनके नेतृत्व में ही एसएफआई ने सबसे पहले %सबको शिक्षा, सबको काम% का नारा दिया था, जो बाद में देश में छात्र-युवा आंदोलन को विकसित करने का हथियार बना। 1984 में एसएफआई का अखिल भारतीय सम्मेलन दमदम (प. बंगाल) में हुआ। इस सम्मेलन में वे एसएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। मैंने भी इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश से (तब छत्तीसगढ़ बना नहीं था।) एक प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया था। उस सम्मेलन को उत्पल दत्त ने भी संबोधित किया था। उस समय हमारे लिए सिनेमा के पर्दे की छवि को प्रत्यक्ष जीवंत रूप में देखना/सुनना काफी रोमांचक था। इतना ही रोमांचक सम्मेलन में आए प्रतिनिधियों का दमदम के बच्चों द्वारा फूल देकर स्वागत करना था। इस सम्मेलन ने वामपंथ के साथ मेरे जुड़ाव को स्थायी बनाया। एसएफआई का मुखपत्र है %स्टूडेंट्स स्ट्रगल।% अंग्रेजी में निकलता है और तब सीताराम इसके संपादक थे। हम हिंदी के छात्रों को तब अंग्रेजी नहीं आती थी, इसके बावजूद इसके अंकों का हमें इंतजार रहता था। कारण, इसका कलेवर (कवर पेज) काफी आकर्षक रहता था और इसकी सामग्री में विविधता होती थी। इस विविधता को हम लोग इसके चित्रों और आलेखों के शीर्षकों से महसूस करते थे। इसका क्रेज छात्र समुदाय से बाहर भी काफी था। इस पत्रिका में विज्ञान और खेल पर विशेष आलेख तो होते ही थे, सुप्रसिद्ध व्यक्तियों -- फैज अहमद फैज से लेकर फिराक गोरखपुरी और प्रेमचंद तक, ब्रेटोल्ट ब्रेख्ट से लेकर पीटर ब्रुक तक और टैगोर से लेकर राहुल सांकृत्यायन तक लेख, साक्षात्कार और उनके साहित्यिक योगदान का जिक्र रहता था। इसलिए इस पत्रिका को हम लोग अध्यापकों और ट्रेड यूनियनों से जुड़े कर्मचारियों के बीच आसानी से बेच लेते थे। मुझे याद है कि उनके संपादन में स्टूडेंट्स स्ट्रगल के दो विशेष अंक निकले थे- एक, मार्क्स की मृत्यु शतवार्षिकी पर और दूसरा, सफदर हाशमी की शहादत पर। रायपुर में इन दोनों अंकों की सैकड़ों प्रतियां हमने हाथों हाथ बेची थी। एसएफआई के नेता रहते हुए ही वे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के शीर्ष नेताओं में शामिल हो गए। बहुत कम उम्र में ही वे माकपा की केंद्रीय समिति, फिर केंद्रीय सचिव मंडल और फिर पोलिट ब्यूरो में शामिल कर लिए गए। इस दौरान उन्होंने कॉ. सुरजीत (तब वे माकपा के महासचिव थे।) के सान्निध्य में उनके निकट सहयोगी के रूप में काम किया। 19वीं सदी का आखिरी दौर भारत में गठबंधन की राजनीति का दौर था और सुरजीत गठबंधन की राजनीति को रूपाकर देने वाले कलाकार माने जाते थे। लेनिन का कथन है ¤ठोस परिस्थितियों का ठोस विश्लेषण¤। यह सीताराम की प्रिय उक्ति थी और प्राय: हर बैठकों और सभाओं में वे इसे दुहराते थे। वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों का उनका ठोस विश्लेषण ही था, जिसने उनको एक असाधारण राजनेता के रूप में स्थापित किया। भारत के मामले में उनका यह ठोस विश्लेषण ही था, जिसने उन्हें भारत की विविधता को पहचानने और अनेकता में एकता के विचार के प्रति प्रतिबद्ध किया और उन्होंने हिन्दुत्व की विचारधारा के खिलाफ संघर्ष के क्रम में %आइडिया ऑफ इंडिया% के विचार को पुष्ट किया। संघी गिरोह जहां भारतीय मिथकों को प्रमाणित इतिहास बताने में जुटा है, सीताराम की खासियत है कि उन्होंने बड़े पैमाने पर भारतीय मिथकों की भौतिकवादी व्याख्या की और इस व्याख्या को उन्होंने आम जनता के रोजमर्रा के संघर्षों से जोड़ा। मार्क्स का प्रसिद्ध कथन है : ¤अभी तक दार्शनिकों ने भिन्न-भिन्न तरीकों से दुनिया की व्याख्या की है। लेकिन असली सवाल है उसे बदलने का।¤ 20वीं सदी का आखिरी दौर राजनैतिक उथल पुथल से भरा दौर था। सोवियत संघ का पतन हुआ। देश में बाबरी मस्जिद का विध्वंस हुआ। इसी दौरान उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियां लागू की गई। इन तमाम घटनाक्रमों ने भारतीय वामपंथ के सामने वैचारिक-राजनैतिक चुनौतियां पेश की। सीताराम ने न केवल इस बदलती दुनिया की व्याख्या की, बल्कि इसे बदलने के लिए दिशा-निर्देशन भी किया। 1980 के दशक में सोवियत संघ का पतन हुआ और समाजवादी खेमे का अंत हुआ। इसने पूरी दुनिया की संघर्षशील ताकतों को निराशा से भर दिया। राजनैतिक माहौल इतना निराशाजनक था कि कुछ कम्युनिस्ट पार्टियों ने तो अपने नाम ही बदल दिए थे। ऐसे समय सीताराम ने मार्क्सवाद की प्रासंगिकता और पूंजीवाद के संकट को रेखांकित किया। जब पूरी दुनिया में बुर्जुआ मीडिया ¤पूंजीवाद का कोई विकल्प नहीं (टीना --¤देयर इज नो ऑल्टरनेटिव¤) का प्रचार कर रहा था, सीताराम ने जवाब दिया -- ¤(सीता) -- सोशलिज्म इज द ऑल्टरनेटिव।¤ उन्होंने विस्तार से यह बताया कि सोवियत संघ का विखंडन मार्क्सवाद और समाजवाद के गलत होने को प्रमाणित नहीं करता, बल्कि उसकी सत्यता की ही पुष्टि करता है। सोवियत संघ का विखंडन समाजवाद के नियमों को गलत तरीके से लागू करने का अनिवार्य परिणाम था। बाद में, उनकी इस वैचारिक प्रस्थापना को अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन में स्वीकृति मिली। 1992 में बाबरी मस्जिद के ध्वंस और 1998-2004 के बीच भाजपा की गठबंधन सरकार की कारगुजारियों ने राष्ट्रीय राजनीति में सांप्रदायिकता के वास्तविक खतरे को सामने ला दिया। इस खतरे से मुठभेड़ करते हुए 1993 में उन्होंने एक छोटी-सी पुस्तिका लिखी -- ¤हिन्दू राष्ट्र क्या है?¤ यह पुस्तिका संघियों के गुरु गोलवरकर द्वारा 1939 में लिखित पुस्तिका ¤वी ऑर अवर नेशनहुड डिफाइंड¤ (हम या हमारे राष्ट्रीयत्व की परिभाषा) की मुकम्मल समालोचना थी। इस पुस्तिका में गोलवरकर ने भारत को एक ¤हिन्दू राष्ट्र¤ के रूप में प्रतिपादित किया है और कम्युनिस्टों, मुस्लिमों और ईसाईयों को देश के लिए मुख्य खतरा बताया है। संघी गिरोह के बीच गोलवरकर की यह पुस्तिका ¤गीता¤ का स्थान रखती है। अपनी सम्यक आलोचना के जरिए सीताराम ने हिन्दुत्व की विचारधारा के सांप्रदायिक, जातिवादी और फासीवादी स्रोतों को उजागर किया। बहुतों के लिए आज भी यह रहस्य है कि संघी गिरोह अल्पसंख्यकों से इतनी नफरत क्यों करता है, या कि स्वाधीनता संग्राम से अलग रहकर दूसरे विश्व युद्ध के दौरान संघ ने अंग्रेजों को सैनिकों की आपूर्ति करने का काम क्यों किया, या कि स्वतंत्र भारत में संविधान के बुनियादी मूल्यों के प्रति आस्था रखने के बजाए आज भी वह मनुस्मृति की स्थापना क्यों करना चाहता है। सीताराम की इस पुस्तिका से संघी गिरोह के इन रहस्यों का पर्दाफाश होता है। सीताराम की इस पुस्तिका को पढ़ने से इस बात का जवाब भी मिल जाता है कि क्यों संघी गिरोह उनसे इतनी नफरत करता है। सीताराम येचुरी भारत की विविधता के प्रति प्रतिबद्ध थे, क्योंकि उनका मानना था कि भारत एक बहुराष्ट्रीय देश है और इसकी विविधता की रक्षा किए बिना देश की एकता को कायम नहीं रखा जा सकता। उनके लिए यही ¤आइडिया ऑफ इंडिया¤ था। भारत की विविधता की रक्षा करनी है, तो बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान में शामिल संप्रभुता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद और सामाजिक न्याय जैसे बुनियादी मूल्यों की रक्षा करनी होगी, इन मूल्यों को रोजमर्रा के आचरण में उतारना होगा।

आज इस संविधान और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा किए बिना देश को समाजवाद के रास्ते पर भी नहीं ले जाया जा सकता। इसलिए जब कभी, चाहे जिस ओर से संविधान के बुनियादी मूल्यों पर हमला हुआ है, सीताराम की उपस्थिति यह आश्वस्ति देती थी कि इस हमले का कड़ा मुकाबला किया जाएगा। संसद में सीताराम ने एक उत्कृष्ट सांसद की भूमिका निभाई, जैसी कि एक कम्युनिस्ट सांसद से अपेक्षा की जाती है। वर्ष 2016 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से नवाजा गया। भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ का अवसर पर उन्होंने संसद में भारतीय कम्युनिस्टों की स्वाधीनता आंदोलन में निभाई गई भूमिका और इस आंदोलन से संघी गिरोह की गद्दारी को उन्होंने तथ्यों के साथ शानदार ढंग से सामने रखा। संविधान दिवस के अवसर पर हुई बहस में भी उन्होंने संवैधानिक मूल्यों को सूत्रबद्ध किया। संसद के अंदर सीताराम जब बोलते थे, पूरा संसद ध्यान से सुनता था। संसद के बाहर भी जब वे बोलते थे, पूरे देश की जनता उसे तवज्जो देती थी। 2004-09 का समय वामपंथ का सुनहरा दौर था, जब संसद में माकपा के 43 सांसदों सहित वामपंथ के 61 सांसद थे। इसी संसदीय ताकत के दबाव में तब की संप्रग सरकार को मनरेगा, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, आदिवासी वनाधिकार जैसे कानून बनाने पड़े।इन कानूनों ने देश में लोकतंत्र के विस्तार और आम जनता के बुनियादी अधिकारों की रक्षा में नए आयाम जोड़े हैं। संप्रग की सरकार वामपंथ के समर्थन पर टिकी थी, जिसके काम करने का आधार बना न्यूनतम साझा कार्यक्रम। इस कार्यक्रम को बनाने और कुछ हद तक इसे लागू करवाने में सीताराम येचुरी की महत्वपूर्ण भूमिका को प्राय: सभी राजनैतिक दलों ने स्वीकार किया है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद संविधान के बुनियादी मूल्यों और आम जनता की रोजी-रोटी पर हमले तेज हुए हैं। इन हमलों का मुकाबला करने के लिए विपक्ष को एकजुट करने में सीताराम की भूमिका महत्वपूर्ण थी। चाहे भूमि अधिग्रहण अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने का मामला हो, या किसान विरोधी तीन कृषि कानूनों और मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं के खिलाफ संघर्ष में किसानों और मजदूरों की वर्गीय एकता बनाने का मुद्दा हो, सीताराम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। हमेशा उनका जोर जनसंघर्षों को वर्गीय संघर्षों में बदलने पर रहा। उनका मानना था कि यही संघर्ष वामपंथ को नई ताकत दे सकते हैं और राजनीति में वामपंथ को पुन: प्रतिष्ठित कर सकते हैं। इन जनसंघर्षों और वर्गीय संघर्षों की कोख से ही %इंडिया% समूह का जन्म हुआ, जो आज भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को सीधे टक्कर दे रही है। अपने अंतिम समय में इस गठबंधन की राजनीति को विकसित करने में वे लगे हुए थे। 28 सितम्बर को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में इंडिया समूह के सभी दलों ने उनके इस योगदान को सराहा है और भाजपा-आरएसएस की सांप्रदायिक, फासीवादी राजनीति का एकजुट होकर मुकाबला करने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, क्योंकि कॉमरेड सीताराम येचुरी का सपना ही था : सांप्रदायिक-फासीवादी राजनीति को परास्त करने का, संविधान के बुनियादी मूल्यों की रक्षा करने का, आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के विस्तार का, अनेकता में एकता के लिए देश की विविधता को स्वीकार करने का।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की स्थिति

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

**कुल मिलाकर यदि पूरे जम्मू-कश्मीर की बात की जाए तो वहां प्रदेश की राजनीति भाजपा और नेशनल कान्फ्रेंस के बीच सीमित होती जा रही है। यदि संभाग के अनुसार आकलन किया जाए तो जम्मू संभाग में मामला भाजपा और कांग्रेस के बीच है और कश्मीर संभाग में नेशनल कान्फ्रेंस दिखाई देती है**

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों को लेकर उत्सुकता के दो कारण थे। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद चुनाव हो रहे थे। इतना ही नहीं, पांच साल पहले वहां से अनुच्छेद 370 व 35-ए हटा दिया गया था। कांग्रेस ने ऐसा आभास बनाया कि यह अनुच्छेद राज्य के लोगों के लिए प्राण वायु है। इसके हटने से सारा जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मौके का इंतजार कर रहा है। जाहिर है अब जब चुनाव हो रहे थे तो सारा देश उत्सुकता से नतीजों का इंतजार तो करेगा ही। जम्मू को लेकर तो कांग्रेस ने एक और नैरेटिव गढ़ लिया था। अब बाहर के लोग जम्मू में नौकरियां लेंगे, इसलिए जम्मू का डोगरा भी क्षुब्ध हो रहा है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को ही लें। लेकिन जम्मू संभाग और कश्मीर संभाग को अलग से समझना होगा। जम्मू संभाग में विधानसभा की 43 सीटें हैं और कश्मीर संभाग में 47 हैं। जम्मू संभाग तीन हिस्सों में बंटा हुआ है। कठुआ, सांभा, जम्मू, रियासी और ऊधमपुर जिलों को मिला कर एक हिस्सा बनता है। विधानसभा की 27 सीटें इन पांच जिलों में फैली हुई हैं। डोडा, रामबन और किश्तवाड़ को मिला कर दूसरा हिस्सा बनता है। ये तीनों जिले डोडा जिला को काट कर ही बनाए गए हैं। इसे आजकल चिनाब घाटी भी कहा जाने लगा है क्योंकि चिनाब नदी इसी क्षेत्र में बहती है। इस चिनाब घाटी के तीन जिलों में 8 सीटें आती हैं। तीसरा हिस्सा राजौरी और पुंछ जिलों को जोड़ कर बनता है। यह पीरपंजाल भी कहलाता है और यही धारा जम्मू संभाग को कश्मीर संभाग से अलग करती है। इस पीर पंजाल के राजौरी और पुंछ जिलों के हिस्से भी विधानसभा की 8 सीटें ही आती हैं। पीरपंजाल की जनसंख्या में गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी समुदाय शामिल हैं। गुज्जर-बकरवाल को जनजाति का दर्जा मिला हुआ है। वैसे भी गुज्जर समाज इन दोनों जिलों में कुछ सीमा तक भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देता रहा है। यहां का पहाड़ी समाज अरसे से मांग करता आ रहा था कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। उसका तर्क था कि वह पिछड़ा हुआ है। लेकिन गुज्जर समाज उनकी इस मांग का विरोध करता आ रहा है। दरअसल पहाड़ी समाज में सभी समुदायों के लोग शामिल हैं, उदाहरण के लिए ब्राह्मण भी हैं और सैयद भी हैं। अब यदि सैयद भी जनजाति में शामिल मान लिया जाएगा तो पसमांदा तो पाताल लोक में ही रह पाएगा। सैयद के शोषण का शिकार तो सदियों से गुज्जर बकरवाल रहा है। लेकिन भाजपा का मत था कि गुज्जर का आरक्षण तो यथावत रहेगा, पहाड़ी समुदाय को उससे अतिरिक्त आरक्षण दिया जाएगा, जिससे दोनों समुदाय भाजपा के पक्ष में आ जाएंगे। लेकिन लगता है भाजपा का यह आकलन जमीनी सच्चाई से कटा हुआ था। गुज्जर बकरवाल, सैयदों का विरोध केवल आरक्षण के कारण नहीं करते, वे उन्हें अपना सामाजिक शोषक मानते हैं। पीरपंजाल की आबादी को केवल मुसलमान पहचान से नहीं समझा जा सकता। उसके भीतर की दरारों को समझे बिना, उसे ठीक से नहीं पढ़ा जा सकता। इसी कारण पीरपंजाल की इन आठ सीटों में से सुंदरबनी की एक सीट जीत सकी। यहां तक कि राजौरी की एक सीट तो नेशनल कान्फ्रेंस की कृपा से कांग्रेस ने भी जीत ली, अन्यथा उसका पूरे जम्मू संभाग में खाता भी नहीं खुल सका। अधिकांश सीटें नेशनल कान्फ्रेंस ने जीतीं, अलबत्ता दूसरे नम्बर पर भाजपा रही। पीडीपी का सफाया हो गया। अब चिनाब घाटी की आठ सीटों की बात। इन आठ सीटों में से चार पर भाजपा, दो पर नेशनल कान्फ्रेंस जीती। इस प्रकार चिनाब घाटी और पीरपंजाल की कुल सोलह सीटों में से भाजपा ने पांच सीटें जीतीं। पीरपंजाल और चिनाब घाटी को मिला कर जम्मू संभाग का पहाड़ी क्षेत्र भी कहा जाता है। इसकी सोलह सीटों पर मूलत- भाजपा और नेशनल कान्फ्रेंस में ही ध्रुवीकरण हो गया है। भविष्य में यह क्षेत्र भाजपा की सामाजिक समरसता की प्रयोगशाला बन सकता है, बशर्ते भाजपा यहां की सामाजिक संरचना का सही मनोवैज्ञानिक अध्ययन कर सके। इन चुनावों ने इसकी शुरुआत कर दी है। अब बची मैदानी क्षेत्रों की 27 सीटें, जिनमें रियासी का कुछ पहाड़ी इलाका भी शामिल है। इन 27 सीटों में से 24 सीटें भाजपा के खाते में आ गई हैं। इस प्रकार जम्मू संभाग की 43 सीटों में से भाजपा ने 29 सीटें जीती हैं और शेष में वह प्राय- नम्बर दो पर रही है। संभाग के मैदानी इलाकों में मुकाबला भाजपा बनाम कांग्रेस में था और सोलह पहाड़ी सीटों पर मुकाबला भाजपा बनाम नेशनल कान्फ्रेंस में था। कांग्रेस जम्मू संभाग में साफ हो गई लगती है। रमन भल्ला जैसे उसके दिग्गज भी चुनाव हार गए। कश्मीर संभाग की कुल मिला कर 47 सीटें हैं। नेशनल कान्फ्रेंस ने इनमें से गठबंधन को बनाए रखने के चक्कर में पांच सीटें कांग्रेस को दे दी थीं। वही पांच सीटें पूरे संभाग में यह पार्टी जीत पाई है। अपना दबाव बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस ने नेशनल कान्फ्रेंस के मुकाबले भी अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। लेकिन वहां कांग्रेस प्रत्याशियों को आजाद उम्मीदवारों से भी कम वोट मिले। जाहिर है कांग्रेस जो पांच सीटें जीत पाई है, वह अब्दुल्ला परिवार की दया के चलते, अपने बलबूते तो उसके उम्मीदवार जमानत बचाने के लिए लड़ते दिखाई दिए। नेशनल कान्फ्रेंस ने अपने आप को कश्मीर घाटी तक ही सीमित रखा। ज्यादा से ज्यादा उसने पीरपंजाल व चिनाब घाटी तक पैर पसारे, जहां उसे मिलीजुली सफलता ही हासिल हुई। कश्मीर घाटी में मुकाबला एक प्रकार से नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी/जमायते इस्लामी/इंजीनियर रशीद की अव्वामे इत्तिहाद पार्टी/बुखारी की अपनी पार्टी/सज्जाद लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस में ही था। लेकिन जमायते इस्लामी और अव्वामे इत्तिहाद पार्टी एक-दूसरे की सहायता कर रहे थे। जमायते इस्लामी राज्य में प्रतिबंधित है, इसलिए उसके प्रत्याशी आजाद उम्मीदवार के तौर पर लड़ रहे थे। या तो इस प्रकार के अलगाववादी तत्वों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने से रोकते, जैसा घाटी में आज तक कांग्रेस करती आई थी। लेकिन भारत सरकार ने ऐसा नहीं किया। कश्मीर के लोगों को ही फैसला करने का विकल्प देना चाहिए।



## चौक बाजार की रामलीला में बाली वध और लंका दहन का किया गया मंचन



**अहरौरा,मिर्जापुर।** नगर के चौक बाजार की रामलीला में बुधवार को बाली वध, लंका दहन व चारों फाटक की लड़ाई के लीला का मंचन किया गया। राम भक्त हनुमान द्वारा रावण की लंका में आग लगाते ही वीर बजरंग बली के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। प्रभु श्रीराम द्वारा सुग्रीव को बाली से युद्ध के लिए भेजा जाता है। सुग्रीव बाली युद्ध के दौरान प्रभु श्रीराम बाली को मार गिराते हैं। बाली राम से पूछता है कि 卐कारण कवन नाथ मोहि मारा, मैं बैरी सुग्रीव पियारा 卐जो अपनी भाई की स्त्री पर कुदृष्टि रखते हैं वह पाप के भागीदार हैं ।उन्हें मारने में कोई अधर्म नहीं। जामवंत जी द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्ति का एहसास कराया जाता हैं तब जाकर हनुमान समुद्र को लांघ लंका पहुंचते हैं और विभीषण से भेंट कर अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट करते हैं और उन्हें चूड़ामणि देते हैं। इस दौरान रावण के पुत्र अक्षय कुमार को हनुमान जी मार गिराते हैं। मेघनाथ हनुमान को बंदी बना कर रावण दरबार में लाता है। इसके बाद उनके पूंछ में आग लगा देते हैं। इसी दौरान हनुमान जी पूरे लंका में आग लगा देते हैं। कन्हैया ने हनुमान व कामेश्वर ने रावण के रुप में शानदार अभिनय किया। वहीं राम के रूप में अनय ने बढ़िया किरदार निभाया।इस दौरान अध्यक्ष कुमार आनंद,व्यास शिरीष चंद, अश्वनी, किशन, सक्षम, बृजेश आदि रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

### संदिग्ध युवकों से की गई पूछताछ



**राजपुर कानपुर देहात।** महिला मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला कांस्टेबलों ने भीड़ भाड़ इलाके व बाजार में जाकर महिलाओं व युवतियों को टोल फ्री नंबरों व आत्मसुरक्षा से लेकर शक्ति दीदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सड़क पर बाइक से घूम रहे संदिग्ध युवकों से नाम पता पूंछने के बाद कानून में रहने की सलाह दी। महिला संबंधित कोई भी प्रकरण हो तो तुरंत नजदीकी थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं महिला हेल्प डेस्क में हर समय महिला कांस्टेबल मौजूद रहतीं हैं। राजपुर थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम के निर्देशन पर गुरुवार को महिला कांस्टेबल रोशनी कुमारी व इंद्रा ने राजपुर कस्बे के मुगल मार्ग से लेकर बाजार व भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर महिलाओं व युवतियों को महिला मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार बहुत सख्त है तथा महिलाओं की शिकायत के लिए हर थाने में महिला हेल्प डेस्क है जिसमें हर समय महिलाओं की शिकायत सुनने के लिए महिला कांस्टेबल मौजूद रहतीं हैं। तथा महिलाओं की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाता है। इसी के साथ सड़क पर बाइक से घूम रहे संदिग्ध युवकों से पूंछताछ की तथा कानून में रहने की सलाह दी। राह चलते महिलाओं व युवतियों को अगर शोहदे महिलाओं व युवतियों को परेशान करें तो डरें नहीं सूनसान जगह होने पर उनसे उचित दूरी बनाकर रखें तथा दिए गए टोल फ्री नंबरों पर सूचना दें।181, 1०9०, या 112 पर पुलिस सहायता तुरंत मिलेगी। इसके बाद थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराएं। सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विभिन्न टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। 1०76 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 181महिला हेल्प लाइन नंबर,112 आपातकालीन पुलिस सेवा,1०2 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए,1०9० वूमेन पावर हेल्प लाइन नंबर,1०8 एंबुलेंस सेवा,1०98 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर,1०1 अग्निशमन सेवा, 24 घंटे निशुल्क सेवा में हैं।

## मिशन शक्ति के तहत कुमारी संस्कृति बनी एक दिन की प्रभारी निरीक्षक



**बीजपुर, सोनभद्र।** हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा कुमारी संस्कृति एक दिन के लिए प्रभारी निरीक्षक बीजपुर बनी। अपने एक दिन के कार्यकाल में,जनता की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण कराया गया। वहाँ पर उपस्थित फरियादी व आम जन मानस ने सरकार के इस पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की। सभी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक विकास होगा तथा अच्छे पदों पर जाने की उत्सुकता भी बढ़ेगी।

## पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा हुई स्थापित



**म्योरपुर,सोनभद्र।** म्योरपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पड़री टोला खंता में बने दुर्गा पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। बुधवार को सप्तमी के दिन मां कालरात्रि का पूजन अर्चन कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पट खोला गया। इस दौरान पूरा वातावरण मां के जयकारों से गूंज उठा। स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल हो गया। हर ओर सिर्फ जय माता दी का जयकारा चलता रहा।

पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ रंग-बिरंगे झालर लगाए गए हैं। जय मां दुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष अमरेश कुमार यादव व टोले के गणमान्य नागरिकों की अगुवाई में पूजा और मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना किया गया। इस मौके पर श्री रामकिशुनयादव, बृजमोहन यादव, अशोक कुमार यादव, जुगेश कुमार यादव , अशर्फी लाल यादव, संदीप कुमार यादव (पुजारी), निर्मल यादव, सेवाराम यादव, नंदू यादव, अजय कुमार यादव, सियाराम यादव, लाल बाबू यादव, सुभाष चंद्र यादव, सुखनंदन यादव, सरोज कुमार यादव, मुनेश कुमार यादव, शिवपूजन यादव आदि मौजूद रहे।

### प्रवीण यादव को मिली मोतिगरपुर की कमान

**सुलतानपुर।** साइबर थाने के प्रभारी रहे प्रवीण यादव को पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने मोतिगरपुर की कमान दी है। वही वहाँ तैनात रहे थाना प्रभारी तरुण पटेल को निलंबित कर दिया है ! जिले के चांदा ,बंधुआकला, कूरेभार सहित कई थानों के प्रभारी रह चुके है प्रवीण यादव।

## अडानी फाउंडेशन, ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स द्वारा सलाईबनवा (कोटा) गाँव में हेल्थ कैंप का आयोजन




**ओबरा,सोनभद्र।** ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में कोटा पंचायत के सलईबनवा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 166 लोगों को की जांच कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास,जल संरक्षण,ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, डाक्टर अरुण चौबे, आंगनबाड़ी सुमित्रा देवी, चन्द्रभान यादव, संगीनी ज्योति देबी, शांति प्रकाश व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि




**जमालपुर, मिर्जापुर।** विकासखंड जमालपुर बाजार में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव , शरीफ अंसारी ,नखड़ू यादव ,राजन पटवा , रवि बियार इसरार अहमद ,अजूबा अली, दरोगा चौहान ,मालू मदनवाल, राजेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### पीपल का पुराना पेड़ अचानक गिरने से मचा हड़कंप



**मिर्जापुर।** विकासखंड जमालपुर के बीच बाजार में 3 बजे के करीब दोपहर में मन्दिर के पास पुराना पीपल का पेड़ अचानक भरभरा कर गिरने से आवागमन बाधित हो गया। पीपल का पेड़ बिजली के खंभा के सहारे झटके में गिरा जिससे कि अगल-बगल रहने वाले बाजार वासी भयभीत हो गए। तुरंत बाजार वासियों की सूचना पर बिजली का कनेक्शन काटा गया और बिजली विभाग को सूचित किया गया। पीपल का पेड़ गिरने से कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### नव युवक मंगल दल कमेटी द्वारा जागरण में प्रस्तुत झांकियों ने सबका मोहा मन

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा प्रतिदिन भक्त कर रहे है। अटसराय चौराहा में श्री नव युवक मंगल दल कमेटी के तत्वाधान में सजे मां जगत जननी के दरबार में प्रतिदिन बाजार के श्रद्धालु सुबह शाम मां का विधि विधान से पूजन अर्चन करते है और व्रत का पारण करते हैं। मां के दरबार में मंगलवार की रात्रि जागरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें कानपुर से आई झांकी जागरण कमेटी के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन कर भक्ति का मन मोह कर सभी को आनंदित कर दिया। झांकियों में श्रीकृष्ण और राधा, मां काली का रौद्र रूप, भगवान शिव का तांडव स्वरूप व पार्वती का मनमोहन रूप श्रद्धालुओं को बहुत भाया। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी पाल , सुनील पाल , कुलदीप विश्वकर्मा सहित सहित समस्त सदस्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मिली मॉडल शौचालय का चेयरमैन व ईओ ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** नगर पंचायत सिराथू में चेयरमैन की पहल के बाद कस्बेवासियों को मॉडल शौचालय की सौगात मिली है , चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने मॉडल शौचालय का फीता काटकर नगर वासियों को सौगात दी है। बताते चले कि नगर पंचायत सिराथू के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार उर्फ भोला यादव एवं अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने बुधवार को नगर पंचायत सिराथू के वार्ड नंबर 6 धाता रोड में टैक्सी स्टैंड के पास, वार्ड नंबर 3 कैथनबाग में तथा वार्ड नंबर 9 शिवाला पर निर्मित शौचालय का मरम्मत करा कर मॉर्डन शौचालय की सौगात नगरवासियों को दी। इस दौरान चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने बताया कि उक्त शौचालय से टैक्सी स्टैंड पर आने वाले यात्रियों एवं स्थानीय नगरवासियों को सुविधा होगी। धाता रोड में निर्मित शौचालय में विभिन्न प्रकार की मशीनें भी लगाई गई है। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि हीरालाल, अनवारूल हसन, मिथलेश केशरवानी, अंकित मिश्रा आदि सभासदों सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना योजना का लक्ष्य: लवकुश मौर्य

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** विकास खंड सिराथू के केशऊवापुर गांव में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने को लेकर योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्य ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना महिलाओं के उत्थान के लिए है। जिसमें समूह का गठन कर हजारों महिलाएं रोजगार के साथ जुड़ कर दूसरों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करती हैं। नारी शक्तिकरण के तहत बुधवार को केशऊवापुर गांव में देवी पूजा पंडाल के पास राष्ट्रीय अजीवका मिशन द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम में एडीओ आईएसवी महेंद्र कुमार ने महिलाओं को बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई इसी योजना में समूह बनाकर बड़ा रोजगार शुरू किया जा सकता है जिसमें भैंस पालन, दुकान, ई रिक्शा चलाना सिलाई ,कढ़ाई सेंटर अगरबत्ती पर धूपबत्ती बनाने का काम किया जा सकता है। इसके लिए अनुदान के साथ बैंकों से कम ब्याज पर ऋण मिलता है। इस दौरान ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को पेयजल ,जल निकासी साफ सफाई प्रधानमंत्री आवास को लेकर शिकायत की जिस पर सचिव को समस्या का समाधान करने को कहा गया।

### मार्ग हादसे में शिक्षक की मौत पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कोड़र गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक चालक ने बाइक सवार शिक्षक को रौंद दिया हादसे में शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , हादसे की खबर पर शिक्षक के परिवार ने कोहराम मच गया , मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कार्यवाही में जुट गई है। पईसा थाना क्षेत्र के बम्बूपुर निवासी सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व लाल सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके बड़े भाई कमल सिंह 40 वर्ष मंझनपुर के जज़ौली में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त थे।

## रामलीला कमेटी की करतूतों से डीएम को कराएंगे अवगत

### बैठक में रामलीला व सवारी निकालने के लिए तन-मन से सहयोग करने का निर्णय



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के ज्वालागंज स्थित रामलीला मैदान में श्री महानंद रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि कार्यरत कमेटी की करतूतों से जिलाधिकारी को जल्द ही अवगत कराया जाएगा। साथ ही रामलीला व सवारी निकालने के लिए तन-मन से सहयोग करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक महानंद रामलीला कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष/मंत्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में कार्यरत कमेटी द्वारा अनियमितता व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। रामलीला पर्व पर दशहरे में भगवान जी की सवारियां जीर्ण-शीर्ण हो गई हैं। कम संख्या भी होती जा रही है क्योंकि सवारियों का रख-रखाव व व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होने कहा कि शोभा यात्रा में पूरी सवारियां भी नहीं निकाली जाती। पात्रों का चयन भी समुचित तरीके से नहीं किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आय-व्यय का भी कोई लेखा-जोखा नहीं है। इस विषय को लेकर जल्द ही रजिस्ट्रार व जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। बैठक में रामलीला परिसर में किराएदारों ने संकल्प लेते हुए आहवान किया कि रामलीला व सवारी निकालने हेतु धन के साथ-साथ मन-मन से सहयोग करेंगे। बैठक में कमल किशोर शुक्ल, मनोज त्रिवेदी, रवि प्रकाश दुबे, रंजू तिवारी, पंकज तिवारी, रूपम मिश्रा, सुरेश शुक्ला, राजेन्द्र पाण्डेय, बब्लू गुप्ता, नरेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

### भाकियू राष्ट्रीयतावादी के ऐरायां ब्लाक उपाध्यक्ष बने कैसर

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की एक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर जहां चर्चा की गई वहीं संगठन मजबूती के उद्देश्य से विस्तार करते हुए ऐरायां ब्लाक उपाध्यक्ष पद पर कैसर खान उर्फ मोनू को मनोनीत किया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शाहिद शेख के आवास पर बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री शेख ने कहा कि किसानों की समस्याओं व कटोघन टोल प्लाजा पर किसानों से अवैध वसूली व बदसलूकी को लेकर घेराव किया गया था।

### मां की तहरीर पर गांव के एक युवक के खिलाफ बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**सन्दलपुर कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने के प्रयास के आरोप में पीड़िता की मां की तहरीर पर गांव की एक युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने मंगलपुर पुलिस को दिए तहरीर में गांव के ही रहने वाले प्रदीप उर्फ बबलू पर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते मंगलवार को उसकी 10 साल की पुत्री को आरोपी बहला फुसलाकर बाजरे के खेत में ले गया और वहां पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। इधर हम सबके द्वारा बेटी की खोजबन की जा रही थी इसी बीच खेतों की तरफ जाने पर बेटी के रोने की आवाज मिली और जाकर देखा तो बेटी रोती मिली ।वहीं आरोपी हम सबकी आहट को पाकर मौके से फरार हो गया। बेटी ने बताया कि आरोपी दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहा था। मामले में थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि बालिका को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मंत्री ने की समीक्षा



**प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मत्स्य विभाग के मंत्री डा० संजय कुमार निषाद ने कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, डीएम संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा० अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा० दिव्या मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मत्स्य अधिकारी विकास कुमार दीपांकर ने मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं पर बिन्दुवार प्रकाश डाला। समीक्षा के दौरान मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि जनपद में मत्स्य पालन हेतु किये गये पट्टा आवंटन की टीम गठित कर जांच करा ली जाये, यदि किसी अपात्र व्यक्ति को पट्टे का चयन हो गया है तो पट्टा निरस्त करके पात्र व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु पट्टे का आवंटन किया जाये। उन्होने मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मत्स्य पालन हेतु होने वाले पट्टों की ग्रामसभाओं में सूची चस्पा की जाये जिससे लोगों को जानकारी हो सके और पट्टा हेतु कौन कौन से दस्तावेज की आवश्यकता होती ग्रामसभाओं में चस्पा किया जाये जिससे ग्रामसभा में प्रत्येक व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु सूचना प्राप्त हो सके और पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सके। बैठक में मत्स्य बीज की उपलब्धि, मत्स्य उत्पादन, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एसरेशन सिस्टम की स्थापना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना व अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

## समस्याओं को लेकर श्रमिकों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का किया घेराव



**प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** श्रमिकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ, एटक जिला इकाई के तत्वाधान में अधीक्षण अभियंता, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वितरण मंडल प्रतापगढ़ के चिलबिला स्थित कार्यालय का घेराव किया।

आरोप है कि संविदा कर्मियों का स्थानांतरण उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश के विरुद्ध जाकर 3 वर्ष से कम सेवा के कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया गया और ऐसे कर्मियों का स्थानांतरण किया गया जिसके स्थानांतरण की आवश्यकता नहीं थी, साथ ही काफी दूर-दूर कर दिया गया। इस संबंध में मुख्य अभियंता द्वारा दिए गए निर्देश का पालन नहीं किया गया। इसी के साथ अन्य समस्या शामिल रही। घेराव के दौरान श्रमिकों की सभा आयोजित की गई जिसको प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय मंत्री एवं जिला अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा, कमलेश तिवारी, रामसूरत, जितेंद्र कुमार,विजय सिंह आदि संबोधित किया। इसके बाद अधीक्षण अभियंता सत्य पाल को समस्याओं का ज्ञापन सौंपा।

# मां कालरात्रि के दर्शन-पूजन को भक्तों का तांता

### ➲ सिद्धपीठों पर लगा आस्थावानों का मेला, की मां की उपासना



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जोर से बोलो जय माता दी, जय काली कल्याण करो मां, जग जननी जय..जय मां.. मंत्र, जाप, पाठ और आरती। बुधवार को घर हो या मंदिर या फिर दुर्गा पांडाल सभी जगह यही माहौल रहा। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की सिद्धपीठों, देवी मंदिरों समेत दुर्गा पांडालों में आस्थावानों का मेला लगा। घरों में भी धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मां दुर्गा जी की सातवीं शक्ति का नाम कालरात्रि है। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। पुजारियों के अनुसार इनके शरीर का रंग घने अंधेरे की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। मां की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं।

दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत हो जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। दुश्मनों का नाश होता है और तेज बढ़ता है। मां जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए नवरात्रि में सातवें दिन इनका जाप करना चाहिए। उधर, दुर्गा पाण्डालों में अद्भुत छटा बिखरती दिखी। शहर में पूरे दिन माता के भजन गूंजते रहे। वहीं कई स्थानों में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों को पूरा दिन प्रसाद वितरण किया गया। उधर समाजसेविका पूनम श्रीवास्तव की ओर से पटेलनगर स्थित पंडाल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आने-जाने श्रद्धालुओं को रोक-रोक कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

### मां फूलमती मंदिर में हुआ हवन-पूजन व भंडारा

**जहानाबाद, फतेहपुर।** कस्बे के मलिकपुर में मां फूलमती शक्तिपीठ धाम में मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हवन कुंड में आहुतियां डाली। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताया गया कि प्राचीन काल से मान्यता है कि मां फूलमती के मंदिर में सातवीं के दिन मां का वास होता है। वहीं रात में जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्वेश कुमार सभासद, रवि श्रीवास्तव, संदीप विश्वकर्मा, राजकिशोर कश्यप, पप्पू सविता, सोहन जोशी, अंकित कुमार, अरविंद कुमार, पप्पू सोनकर, अमर सिंह यादव, अनुज त्रिवेदी, सुनील कश्यप, सरोज निषाद, सूरजदी समेत अन्य तमाम भक्त शामिल रहे।

# हेलेपारा गांव की नव दुर्गा समिति के कार्यक्रम में पहुंचे- उत्कर्ष वर्मा

➪ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होगा भव्य दशहरा और सुंदर झांकियों का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। जिले की तहसील महमूदाबाद के सदरपुर क्षेत्र में गोडैचा चौराहे के समीप हेलेपारा गांव के कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के भतीजे उत्कर्ष वर्मा पहुंचे। आपको बता दें कि हेलेपारा गांव में नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रथम नवरात्रि के दिन से हो रहे कार्यक्रम के तहत माता रानी के दरबार से नव दुर्गा समिति हेलेपारा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी ही धूम धाम से झांकी निकली जायेगी। यहां के दशहरा जुलूस में भव्य मूर्तियों का नजारा देखने को मिलेगा। यह कार्यक्रम पूरे गांव के सहयोग से आयोजित किया जाता है कार्यक्रम के दौरान माता रानी के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत धार्मिक झाकियां संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रम में प्रति दिन देर रात तक भक्तों से पंडाल भरा रहता है। कार्यक्रम में पहुंचे उत्कर्ष वर्मा ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई माथा टेका माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।नव दुर्गा समिति के लोगों ने बताया कि इस बार गाजे बाजे के साथ माता रानी की सबसे भव्य मूर्तियों की झांकी निकाली जाएगी। कार्यक्रम के लिए पूरे गांव का सहयोग मिलता है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए पोखरा गांव निवासी उत्कर्ष वर्मा मौके पर पहुंचे सभी ग्रामीणों को मिलकर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज भी हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा पूजा पाठ आदि सांस्कृतिक कार्य क्रम किए जाते है। उन्होंने सभी लोगों इसी प्रकार से अपने सनातन धर्म को बनाए रखने की अपील की। माता के दरबार में माथा टेकते हुए माता रानी से प्रार्थना की,कि सबको आशीर्वाद प्राप्त हो सब पर कृपा माता रानी बनाए रखें। सुंदर प्रस्तुति के साथ धार्मिक रामलीला ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। रामलीला में राम लक्ष्मण और गुरुदेव की लीला को दिखाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अनूप मौर्या,नव दुर्गा समिति गोविंद तिवारी,पूर्व प्रधान हेलेपारा,सिराजुद्दीन विजय पाल मौर्य,विपिन मौर्या,कुल दीप मौर्य,राजकुमार मौर्य, अमितवर्मा धर्मराज,दिलीप वर्मा,ओम प्रकाश गुप्ता, प्रदीप राज,ओम प्रकाश राज,राममिलन यादव, कैलाश भार्गव आदि समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर कराया।

# मैया की आरती में भावमय होकर झूमे भक्त महिलाओं ने खेला गरबा सजीव झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

● मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर अपराजिता सिंह ने मैया के दर्शन पूजन आरती करके लिया आशीर्वाद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**



शाहजहांपुर। श्री दुर्गा पूजा कमेटी खिरनी बाग शाहजहांपुर के द्वारा दुर्गा पूजा का महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है नवरात्रि के आखिरी दिन दसवीं पर विसर्जन यात्रा के साथ शनिवार को इसका समापन होगा यहां सुबह से ही नैमिषारण्य से पधारे आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रो से हवन कराया गया हवन के बाद वृहद स्तर पर भंडारा किया गया जिसमें पहले कन्याओं को भंडारा का प्रसाद समिति ने अपने हाथों से कराया उसके बाद श्रद्धालुओं एवं राहगीरों में प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर अपराजिता सिंह ने मैया के दरबार में आकर आरती पूजन करके मैया का आशीर्वाद लिया तदुपरांत सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा कराये जा रहे सास्कृति कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों को देखा और उनका उत्साहवर्धन किया इसके बाद महिलाओं ने डांडिया नृत्य और मैया के प्रसिद्ध लांगुरिया गीतों पर जमकर नृत्य किया मैया के दरबार में विराजमान शक्ति स्वरूपा जगदंबे के सम्मुख श्रद्धालु भक्तगण भारी संख्या में आकर कुशल जीवन की कामना कर रहे हैं वहीं आयोजकों द्वारा प्रतिदिन माता के नौ रूपों में माता का अनुपम विग्रह श्रृंगार किया गया, मैया के दरबार में दशमी पूजन के उपरांत 12=०० बजे से 2=०० तक सिन्दोरउत्सव कार्यक्रम होगा जिसमें शहर की हजारों महिलाएं मैया का पूजन करेगी पूजन उपरांत मैया की विसर्जन शोभायात्रा 2=०० बजे से झांकियों एवं ढोल नगाड़ों के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से निकालकर रात्रि 9=०० बजे खन्नौज घाट पर विसर्जित की जाएगी। आयोजन को संपन्न बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष नवीन अग्रवाल संयोजक अशोक कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता व्यवस्थापक अमित गुप्ता चित्र गुप्ता एवं नीरज बाजपेई का सहयोग रहा।

# डीसीएम की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

➲ आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाने का किया प्रयास, पुलिस ने समझा बुझाकर हटाए ग्रामीण



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**

बिछवा मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव नगला हरकेशी निवासी एक वृद्ध महिला को डीसीएम चालक ने वाहन को तेज और लापरवाही से चलाते हुए उस समय टक्कर मार दी जब वह सुबह घर से खेत की तरफ जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर खड़े होकर जाम लगाने का प्रयास किया। मैनपुरी के बिछवा थाना क्षेत्र गांव नगला हरिकेशी निवासी फूलमती पत्नी विजयपाल सिंह उम्र लगभग 60 वर्ष शुक्रवार की सुवह साढ़े सात बजे के लगभग घर से निकलकर खेत की तरफ जा रही थी तभी अज्ञात डीसीएम के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अवनीश त्यागी मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया। म्रतका के परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित परिजन व ग्रामीण सड़क पर एकत्रित हो गए और जाम लगाने का प्रयास करने लगे। लेकिन थाना अध्यक्ष अवनीश त्यागी ने समझा बूझाकर सभी को घर वापस भेज दिया।म्रतका के नाती अवनीश कुमार पुत्र रामकैलाश ने डीसीएम के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानवीन शुरू कर दी है।

# आर-फैक द्वारा 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खाद्य प्रसंस्करण पदार्थों की जांच में दी जायेगी विशेष छूट

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत संचालित क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक), लखनऊ के 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खाद्य प्रसंस्करण पदार्थो की जांच में विशेष छूट दिये जाने का निर्णय लिया गया है। 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक विभिन्न प्रकार की सम्बन्धित सुविधायें सभी जनमानस को विशेष रियायाती दरों/ निःशुल्क दिये जाने का प्रावधान किया गया गया है। मिलावटी जॉच एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी सुविधायें आम जनमानस को विशेष रूप से दी जायेंगी।

**खाद्य पदार्थो में मिलावट की जॉच सुविधा**

गृहणियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, एफ0पी0ओ0, स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों को इस इस विशेष सत्र में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच न्यूनतम शुल्क रू-50 प्रति सैम्पल की दर से किये जाने की सुविधा उपलब्ध होगी।

**खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जॉच की सुविधा**

खाद्य पदार्थ निर्माताओं / उद्यमियों को क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक) द्वारा निर्धारित शुल्क पर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जॉच पर 50 प्रतिशत की छूट उपलब्ध होगी।

**गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले छात्र/छात्राओं महिलाओं, युवकों को निःशुल्क प्रशिक्षण सुविधायें**

गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले छात्र/छात्राओं, महिलाओं, आदि को आर-फैक द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा, यह छूट 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक), लखनऊ वेबसाइट पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 तक प्राप्त कर सकते / सकती हैं।

**आर-फैक द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यकम**

क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक), लखनऊ द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों, कालेज आदि के शोधकर्ता छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण प्रशिक्षण शुल्क में 40 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, यह छूट 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक आर-फैक वेबसाइट पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 तक प्राप्त कर सकते हैं।

**महिला उद्यमियों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण कार्यकम**

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक महिला उद्यमियों के प्रशिक्षण शुल्क में 60 प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी।

**उद्यमियों को दिया जाएगा निःशुल्क तकनीकी परामर्श**

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों हेतु नया उद्योग स्थापित करने हेतु पी.एम.एफ.एम.ई योजना अन्तर्गत निःशुल्क तकनीकी परामर्श क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक), लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी निदेशक क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र, उद्यान भवन, लखनऊ मोबाइल नम्बर - 7052157777 से प्राप्त की जा सकती हैं। क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र के निदेशक श्री एस के चौहान ने बताया कि क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक), लखनऊ, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत सोसाइटी एक्ट के तहत एक पंजीकृत संस्था के रूप में वर्ष 2004 से कार्यरत है, एवं प्रमुख सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण इसके अध्यक्ष तथा निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग इसके उपाध्यक्ष है। गत वर्षो में क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र (आर-फैक), द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है मुख्यतः (रोजगार परक, कौशल विकास प्रशिक्षण मशरूम खेती एवं मूल्य सबर्धित उत्पाद, जलीय व वायु, एक्रापोनिक छत पर खेती, किचन गार्डिंग, खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता एवं मिलावट, मिलिट मूल्य संबंर्धित उत्पाद एच.ए.सी.सी.पी., जीएमपी, जीएलपी, जीएचपी, आईएसओ 17025, आईएसओ 22000, खाद्य नियम एवं मानक फोर्टीफाईड प्रोडेक्ट फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण डेरी प्रसंस्करण) आदि है।

# रोजा पुलिस ने छापेमारी कर जुआं खेलते हुए तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रयवेक्षण मे जुआं एवं सट्टा रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक की टीम द्वारा दिनांक 11/1०/2०24 को समय करीब 1.4० पर मुखबिर की सूचना पर लोधीपुर पुल के पास नदी के किनारे पेड़ के नीचे से तीन अभियक्तों को जुआं खेलने के जुर्म मे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन: स्वतंत्र देव सिंह

➲ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं तथा 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं को मिली तैनाती





**लखनऊ।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं (यांत्रिक ) तथा 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं (सिविल ) को उनके द्वारा मांगे गये विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत पदस्थापन किया गया। जल शक्ति मंत्री ने सभी उपस्थित नव चयनित अवर अभियन्ताओं को विभाग में नियुक्ति हेतु बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन में ईमानदारी को सबसे अधिक प्राथमिकता दें, परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ।विभाग द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। आप सभी किसानो के हित में अपना बहुमूल्य योगदान दे। उन्होंने नव नियुक्त अवर अभियंताओं से पूर्ण दक्षता व क्षमता के साथ बिना दबाव के कार्य करते हुये विभाग को आगे ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत चयन एवं पदस्थीकरण की कार्यवाही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके द्वारा निष्पादित कार्य सदैव किसानों के हित में होने चाहिए। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हुई है। पदस्थापना से लेकर स्थानांतरण तक सभी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो रही है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी ।इस अवसर पर प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन श्री अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष श्री अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परियोजना श्री संदीप कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रतन टाटा का निधन एक युग का अन्त है: नन्दी

➲ रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में एक शून्य उभरा है जिसकी भरपाई असंभव है: नन्दी ➲ औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने रतन टाटा के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विश्व के प्रख्यात उद्योगपति, टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन पद्मविभूषण से सम्मानित रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है ।जारी विज्ञप्ति में मंत्री नन्दी ने कहा कि टाटा समूह को देश के सफल व प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह के रूप में स्थापित करने वाले, शीर्षतम उद्यमी के साथ ही अपने व्यक्तित्व से लोगों के दिलों में छाप छोड़ने वाले टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा का निधन एक युग का अन्त है ।उन्होंने सफलता की यात्रा का आरम्भ अपनी ही कंपनी टाटा स्टील में एक सामान्य कर्मचारी के रूप में किया। अपनी लगन, मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता से टाटा समूह को उपलब्धियों के शिखर पर पहुंचा दिया। उन्हीं की प्रेरणा से टाटा समूह व्यापार के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी है। समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का एहसास उनकी विशेषता थी और यही कारण था कि कारोबार से होने वाली आमदनी का 6० प्रतिशत सामाजिक सरोकारों हेतु दान कर दिया। मंत्री नंदी ने कहा कि आज रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में एक शून्य उभरा है, जिसकी भरपाई असंभव है! उन्होंने अपने पीछे जो समृद्ध विरासत छोड़ी है, वह उनके नाम और काम को सदियों तक जिन्दा रखेगा!

लखनऊ में आबकारी टीम को मिली बड़ी सफलता

# 8.5० लाख रुपये कीमत की 144० बोतल गैर प्रांत की विदेशी मदिरा बरामद

दुकान के विक्रेता को भेजा गया जेल



**लखनऊ।** लखनऊ में आबकारी टीम को बड़ी सफलता मिली है। थाना बिजनौर के अंतर्गत नटकूर विदेशी मदिरा की दुकान से लगभग 8.5० लाख रुपये कीमत की गैर प्रांत की 144० बोतल विदेशी मदिरा बरामद हुई है। विक्रेता, अनुज्ञापिनी तथा तस्कर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराते हुए विक्रेता को जेल भेजा गया है। दुकान के समस्त स्टॉक को ज़ब्त करते हुए दुकान अनुज्ञापन के निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना बिजनौर अंतर्गत नटकूर विदेशी मदिरा दुकान तथा आस पास के इलाक़ों में दबिश दी गयी। श्री लक्ष्मी शंकर वाजपेयी प्रभारी आबकारी निरीक्षक, सेक्टर 11, श्री विवेक सिंह, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5 तथा श्री विजय, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 9 द्वारा दुकान की सघन तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर के अंदर रखी शराब की विभिन्न ब्रांड की बोतलों को विभागीय ऐप से स्कैन तथा भौतिक् सत्यापन करने पर बोतल, अद्धा और पौवा पर चस्पाँ कोड व ढक्कन नक़ली पाए गए। श्री सिंह ने बताया कि सघन तलाशी के दौरान दुकान के अनुज्ञापित परिसर में राजधानी ब्रांड की कुल 144० बोतल विदेशी मदिरा की 12० पेटियां मिली जिसकी अनुमानित कीमत 8.5 लाख रुपये है, जो चंडीगढ़ में बिक्री हेतु अनुमन्य थी। इसके अतिरिक्त रोल बनाकर रखे गए 1००5 नक़ली क्यूआर कोड तथा विभिन्न ब्रांड के कुल 6141 नक़ली ढक्कन भी मिलें। इसके अतिरिक्त दो बोरो में अलग-अलग ब्रांडों की ख़ाली शीशियाँ प्राप्त हुयी। श्री सिंह ने बताया कि दुकान पर मौजूद विक्रेता हिमांशु जायसवाल से कड़ाई से पूछताक्ष करने पर उसने बताया कि यह दुकान उसकी माँ श्रीमती प्रेमवती के नाम आवंटित है तथा नजीरगंज थाना हसनगंज लखनऊ निवासी विशाल जायसवाल इस कार्य में उसका सहयोग कर रहा था। दुकान के विक्रेता, अनुज्ञापिनी तथा तस्कर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विक्रेता हिमांशु जायसवाल को जेल भेजा गया। दुकान के समस्त स्टॉक को ज़ब्त करते हुए दुकान अनुज्ञापन के निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

# ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने उन्नाव में बिजली बिल प्रकरण पर आत्महत्या किए जाने के मामले में 3 अधिकारियों को किया निलम्बित

➲ उपभोक्ताओ को परेशान करने वाले विद्युत कार्मिको को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा: ए. के. शर्मा
➲ प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों से कोई समझौता नही करेगी: ऊर्जा मंत्री




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए०के० शर्मा ने उन्नाव जनपद के कुशलपुर, बेतहर निवासी शुभम पुत्र महादेव द्वारा बिजली बिल प्रकरण को लेकर आत्महत्या किये जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया और ईश्वर से प्रार्थना की है मृतक की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ता द्वारा आत्महत्या किये जाने संबंधी समाचार का संज्ञान लेकर संबंधित विद्युत कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने 33/11 केवी उपकेन्द्र अचलगंज के अवर अभियंता आशीष सिंह तथा विद्युत वितरण उपखण्ड बंथरा के उपखंड अधिकारी रवि यादव को तत्काल निलंबित करने और उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। वहीं विद्युत वितरण खंड द्वितीय, उन्नाव के अधिशासी अभियंता सूर्योदय कुमार वर्मा को तत्काल निलंबित करने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उपभोक्ता के मृत्यु के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है। लेकिन विद्युत विभाग के संबंधित कार्मिक प्रथम दृष्टया इस घटना के मुख्य कारण होने के दृष्टिगत इनके खिलाफ कार्यवाही की गयी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जांच में जो भी अन्य विद्युत कार्मिक दोषी पाये जायेगे, उन सभी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। संबंधित प्रकरण में मुख्य अभियंता वितरण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपभोक्ता ने 1० मार्च, 2०22 को एक किलोवाट का विद्युत कनेक्शन लिया था। सितम्बर, 2०24 में त्रुटिवश प्रोविजनल बिल 1,०9,221 रूपये निर्गत हुआ। जिसको सही करने पर बिल की देय धनराशि 16,377 रूपये हो गयी और उपभोक्ता ने इसका भुगतान भी कर दिया। ०7 अक्टूबर, 2०24 को उपभोक्ता की कुल 33 यूनिट रीडिंग का बिल 8,3०6 रूपये त्रुटिवश निर्गत हो गया, जिसको ०9 अक्टूबर को उपखंड अधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। ऊर्जा मंत्री श्री ए०के० शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता द्वारा आत्महत्या किये जाने का समाचार मिलने के साथ ही विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों और जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से लगातार संपर्क कर रहा हूँ। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विद्युत कार्मिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का न्यायोचित समाधान करायें। किसी भी प्रकार की गलती करने और टालने की प्रवृत्ति पर उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही होगी। प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत कार्य कर रही है। इसमें कोई समझौता नहीं किया जायेगा। सभी कार्मिक उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान कराये, किसी भी स्तर पर लापरवाही और त्रुटि पाये जाने पर संबंधित कार्मिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उपभोक्ताओ को परेशान करने वाले विद्युत कार्मिको को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा।

# रेखा @70



बेशक मुझे उनसे प्यार है। दुनिया भर का प्यार आप ले लीजिए और उसमें कुछ और भी जोड़ लीजिए, मैं उस व्यक्ति के लिए ऐसा महसूस करती हूं। मैं उन्हें अवॉर्ड फंक्शंस में देखती हूं और मेरे लिए यही बहुत है। मेरे लिए उनसे बात करना जरूरी नहीं, वो पूरी तरह से मेरे दिमाग पर हावी हैं। मेरे लिए वो काफी स्पेशल हैं। वो अगर मुझसे कुछ ना भी कहें और ना ही मेरी तरफ देखें तब भी मैं खुश रहूंगी। 1986 में सिमी गरेवाल के चैट शो पर रेखा ने यह बयान अमिताभ बच्चन के लिए दिया था। अपने पूरे करियर में रेखा का नाम जीतेंद्र और विनोद मेहरा समेत कई एक्टर्स के साथ जोड़ा गया, पर जो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा वो था– अमिताभ बच्चन। आज 38 साल बाद भले ही दोनों एक–दूसरे से बात नहीं करते, पर आज भी रेखा का नाम लिया जाए तो अमिताभ का जिक्र जरूर होता है। आज रेखा के 70वें जन्मदिन पर जानिए उनकी पर्सनल लाइफ, अफेयर, शादी और करियर से जुड़े कुछ किस्सेज रेखा के लिए इन्फ्लूएंसर की तरह थे अमिताभ साल 1976 में अमिताभ और रेखा ने फिल्म %दो अनजाने% में साथ काम किया। उस वक्त बच्चन सुपरस्टार थे, शादीशुदा थे, वहीं रेखा अपने करियर में एक बेहतर किरदार तलाश कर रही थीं। शूटिंग के दौरान अमिताभ ने रेखा की खूब मदद की। एक इंटरव्यू में रेखा ने बताया था– 'इंडस्ट्री ने शुरुआत में मेरे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया। लोग मेरे डार्क कॉम्प्लेक्शन, मोटापे और साउथ इंडियन टोन का मजाक उड़ाते थे। बाद में मैंने खुद को फिजिकली ट्रांसफॉर्म किया। अच्छी हिंदी बोलना सीखा और फिर मुझे बड़ी फिल्में मिलने लगीं। जब मुझे 'दो अनजाने' में अमिताभ के अपोजिट कास्ट किया गया तो मेरे लिए यकीन करना मुश्किल था। मैं उनके सामने ठीक से खड़ी नहीं हो पाती थी। वो मेरी लाइफ में इन्फ्लूएंसर की तरह आए और उन्होंने कई ड्रामेटिक चेंज किए। मैंने इससे पहले कभी उनके जैसा कोई नहीं देखा था। रेखा से बदतमीजी करने वाले को अमिताभ ने जड़ा थप्पड़ 1978 में अमिताभ और रेखा साथ में फिल्म 'गंगा की सौगंध' में काम कर रहे थे। यह दोनों की साथ में छठी फिल्म थी। दोनों के अफेयर की चर्चा भी जोरों पर थी, ऐसे में आए दिन कई तरह की अफवाहें भी उड़ा करती थीं। इसी दौरान एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि सेट पर एक एक्टर ने रेखा से मिसबिहेव किया तो अमिताभ ने उसे थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद तो दोनों के अफेयर की चर्चा ने और जोर पकड़ लिया। एक वक्त था जब रेखा और अमिताभ बहुत ही अच्छी बॉन्डिंग शेयर किया करते थे। 'सिलसिला' के सेट से जमकर उड़ी अफवाह 1980 में डायरेक्टर यश चोपड़ा ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर पर बेस्ड 'सिलसिला' के लिए अमिताभ, रेखा और जया बच्चन को कास्ट कर लिया। इस फिल्म को सीक्रेटली शूट किया गया और सेट पर मीडिया की एंट्री भी बैन थी। हालांकि शूटिंग के दौरान मीडिया के कई आर्टिकल्स में यह दावा किया गया कि अमिताभ और रेखा का अफेयर है और इसकी वजह से अमिताभ और जया की शादी भी टूटने के कगार पर है। ऋषि–नीतू की शादी में मंगल–सूत्र पहनकर पहुंची थीं रेखा 'सिलसिला' की शूटिंग चल ही रही थी और इसी बीच ऋषि कपूर और नीतू सिंह ने शादी की। इस शादी में जब रेखा मंगल–सूत्र पहने और मांग में सिंदूर भरकर पहुंचीं तो तहलका मच गया। शादी में अमिताभ और जया बच्चन भी शरीक हुए। रेखा के इस तरह पहुंचने पर चर्चा होने लगी कि अमिताभ और रेखा ने शादी कर ली है। ऋषि कपूर और नीतू सिंह की शादी में रेखा (बाएं से पहली) कुछ इस तरह सज–संवरकर पहुंची थीं। जया ने डिनर पर बुलाया और कहा– अमित को नहीं छोड़ूंगी मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस घटना के बाद एक दिन जया ने रेखा को अपने घर डिनर पर बुलाया। जया ने रेखा का खूब आदर–सत्कार किया और घर लौटते समय उन्होंने रेखा से बस एक ही बात कही– 'मैं अमित को कभी नहीं छोड़ूंगी।' कहा जाता है कि उस दिन रेखा को समझ आ गया कि अमिताभ कभी उनके नहीं हो सकते। जया को दीदीबाई बोलती हैं रेखा सिमी गरेवाल को दिए इंटरव्यू में रेखा ने ना सिर्फ अमिताभ बल्कि उनकी पत्नी जया बच्चन को लेकर भी बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि वो और जया कभी पड़ोसी हुआ करते थे। रेखा ने कहा– 'वो बहुत ही स्ट्रॉन्ग और ग्रेसफुल वुमन हैं। मीडिया ने जब हमारी इमेज को खराब नहीं किया था तब हम एक ही बिल्डिंग में रहते थे। हमारा रिश्ता अलग है। मेरे लिए वो दीदीबाई थीं, हैं और हमेशा रहेंगी।' बहरहाल, 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'सिलसिला' फ्लॉप रही और इसके बाद अमिताभ और रेखा ने दोबारा कभी साथ काम नहीं किया। यहां तक कि दोनों पब्लिक इवेंट्स में भी एक–दूसरे से दूर ही रहते थे। रेखा आज भी अमिताभ की पत्नी जया का बेहद सम्मान करती हैं। कई अवॉर्ड फंक्शंस में दोनों की मुलाकात होती रहती है। रेखा आज भी अमिताभ की पत्नी जया का बेहद सम्मान करती हैं। कई अवॉर्ड फंक्शंस में दोनों की मुलाकात होती रहती है। जीतेंद्र बोले– रेखा मेरा बेस्ट टाइम पास हैं साल 1972 में करियर की शुरुआत में फिल्म %एक बेचारा% की शूटिंग के दौरान रेखा का नाम जीतेंद्र से भी जोड़ा गया। तब शोभा कपूर, जीतेंद्र की गर्लफ्रेंड थीं पर वो अपनी जॉब के सिलसिले में ज्यादातर विदेश में ही रहती थीं। हालांकि जीतेंद्र रेखा के लिए अपनी गर्लफ्रेंड शोभा को छोड़ने को तैयार नहीं थे। यासिर उस्मान की किताब 'रेखा- द अनटोल्ड स्टोरी' के मुताबिक एक फिल्म की शूटिंग के दौरान जीतेंद्र ने साथी गुरु से कहा कि रेखा मेरा बेस्ट टाइम पास हैं। रेखा ने यह सुन लिया और इसके बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। जीतेंद्र के अलावा रेखा का नाम नवीन निश्चल, किरण कुमार और राज बब्बर जैसे एक्टर्स से भी जोड़ा गया। अमिताभ के अलावा रेखा का नाम जीतेंद्र से भी जोड़ा गया था। एक्ट्रेस ने अपने करियर में सबसे ज्यादा 26 फिल्में जीतेंद्र के साथ की हैं। विनोद मेहरा से शादी की, मां ने घर से बाहर निकाला 1973 में रेखा का नाम एक्टर विनोद मेहरा से जोड़ा गया। दोनों के अफेयर की खूब चर्चा थी। विनोद मेहरा पहले से ही दो बार शादी कर चुके थे और दोनों से तलाक ले चुके थे। यासिर उस्मान ने अपनी किताब में जिक्र किया है कि रेखा और विनोद मेहरा ने कोलकाता में शादी कर ली थी, लेकिन विनोद जब उनको लेकर अपने घर पहुंचे तो विनोद की मां ने रेखा को घर से निकाल दिया। इसके बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया। सिमी गरेवाल को दिए इंटरव्यू में रेखा ने शादी की बात से इनकार करते हुए विनोद को अपना वेल विशर बताया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रेखा और विनोद मेहरा ने मंदिर में गुपचुप शादी की है। संजय दत्त और अक्षय कुमार के साथ भी डेटिंग की चर्चा थी 80 के दशक में रेखा का नाम संजय दत्त से भी जोड़ा गया। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रेखा ने संजय दत्त से शादी कर ली। हालांकि यह अफवाह मात्र थी। 1996 में रेखा ने अक्षय कुमार के साथ 'खिलाड़ियों के खिलाड़ी' में काम किया। इस दौरान उनका नाम 13 साल छोटे अक्षय कुमार से भी जोड़ा गया। 43 साल से साथ हैं सेक्रेटरी फरजाना, दावा– दोनों हसबैंड–वाइफ की तरह रहते हैं एक दौर में रेखा का नाम उनकी पर्सनल सेक्रेटरी फरजाना से भी जोड़ा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरजाना पिछले 43 साल से रेखा के साथ हैं। उन्होंने रेखा की हेयर ड्रेसर के तौर पर काम करना शुरू किया था और बाद में साल 1986 में रेखा ने उन्हें अपनी पर्सनल सेक्रेटरी बना लिया। फरजाना, रेखा के घर में ही रहती हैं और सिर्फ वो ही हैं जिन्हें रेखा के बेडरूम में जाने की इजाजत है। वो रेखा की सलाहकार, दोस्त और सपोर्टर भी हैं। खास बात यह है कि फरजाना पुरुषों की तरह कपड़े पहनती हैं और उनकी तरह ही रहती हैं। रेखा की एक रिश्तेदार ने यह तक कहा था कि फरजाना और रेखा का रिश्ता हसबैंड–वाइफ जैसा है। कहा जाता है कि रेखा की मां ने अपने आखिरी वक्त में उनसे कहा था कि वो हमेशा फरजाना के साथ रहें। उनकी मां का मानना था कि फरजाना सबसे भरोसेमंद हैं। कहा जाता है कि रेखा की मां ने अपने आखिरी वक्त में उनसे कहा था कि वो हमेशा फरजाना के साथ रहें। उनकी मां का मानना था कि फरजाना सबसे भरोसेमंद हैं। यासिर उस्मान ने भी रेखा की बायोग्राफी में दावा किया है कि रेखा और फरजाना के बीच खास रिश्ता है। फेमस जर्नलिस्ट मोहन दीप ने अपनी बुक %यूरेका% में भी इस बात का दावा किया था। उन्होंने लिखा था कि रेखा जिस बंगले में रहती हैं वहां फरजाना के सिवाय किसी और को अंदर जाने की इजाजत नहीं है। हालांकि इन सभी बातों को अफवाह बताते हुए रेखा ने कहा था कि हमारे बारे में जो कुछ फैलाया जा रहा है वो बीमार सोच की पैदाइश है। अब जानिए रेखा से जुड़े कुछ विवादज. 14 साल की रेखा को बिस्वजीत ने जबरन किस किया रेखा कभी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं पर घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। ऐसे में मात्र 3 साल की उम्र में ही मां ने उन्हें फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम पर लगा दिया था। 1967 में मात्र 13 साल की उम्र में वो पहली बार बंबई आईं। एक साल बाद उन्हें एक फिल्म में कास्ट किया गया जिसका नाम था 'अनजाना सफर' और इसमें रेखा को सेकेंड लीड के रोल में कास्ट कर लिया गया। फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान लीड एक्टर बिस्वजीत चटर्जी ने रेखा को बिना बताए किस कर लिया और मेकर्स ने इसे शूट भी कर लिया। इस किसिंग सीन की कुछ तस्वीरें लाइफ मैगजीन ने अपने एशियन एडिशन में छाप दीं जिसके बाद अमेरिकी जर्नलिस्ट जेम्स शेपर्ड ने इंडिया आकर रेखा का इंटरव्यू किया। बाद में इस विवाद ने जमकर तूल पकड़ा। चूंकि रेखा तब नाबालिग थीं ऐसे में यह फिल्म भी सेंसर बोर्ड में अटक गई। इसे 10 साल बाद 1979 में 'दो शिकारी' नाम से रिलीज किया गया। मैगजीन में छपी इन तस्वीरों ने देश–विदेश में खूब तहलका मचाया था। पति के निधन के बाद लोगों ने चुड़ैल बुलाया 1990 में रेखा ने दिल्ली बेस्ड इंडस्ट्रियलिस्ट मुकेश अग्रवाल से शादी की थी। रेखा और मुकेश की मुलाकात फैशन डिजाइनर बीना रमानी ने करवाई थी। वो मुकेश को रेखा का क्रेजी फैन बताती थीं। शादी के कुछ ही महीनों बाद मुकेश ने आत्महत्या कर ली और अपने पीछे एक नोट छोड़ा था जिस पर लिखा था– किसी को ब्लेम मत करना। मशहूर फिल्म क्रिटिक और जर्नलिस्ट भावना सोमैया ने अपने एक आर्टिकल में लिखा था कि पति के निधन के बाद कई लोगों ने रेखा को चुड़ैल और हत्यारी तक कहा था। कई लोगों ने एक्ट्रेस पर काला जादू करने तक के आरोप लगाए थे। 4 मार्च 1990 को रेखा और मुकेश ने शादी की थी। ठीक 7 महीने बाद 2 अक्टूबर को मुकेश ने सुसाइड कर लिया था। 'कामसूत्र' और 'आस्था' जैसी कंट्रोवर्शियल फिल्में कीं साल 1996 और 1997 में रेखा ने दो कंट्रोवर्शियल फिल्मों 'कामसूत्र' और 'आस्था' में काम किया। ये दोनों ही फिल्में फ्लॉप रहीं और इन्होंने रेखा की इमेज पर काफी नेगेटिव असर डाला। कामसूत्र को तो रिलीज के वक्त देश में बैन कर दिया गया था। इसमें रेखा ने कामसूत्र टीचर का रोल प्ले किया था। वहीं आस्था में उन्होंने एक ऐसी शादीशुदा महिला का रोल किया जो बाद में प्रॉस्टिट्यूट बन जाती है। इस फिल्म को भी ऑडियंस ने बुरी तरह नकार दिया था। उनकी खूबसूरती देखकर तो महिलाएं तक पागल हो जाती हैं– डोरिस, रेखा की मेकअप आर्टिस्ट रेखा के बारे में और जानने के लिए दैनिक भास्कर ने उनकी मेकअप आर्टिस्ट डोरिस से बात की। डोरिस ने कहा– %हाल ही में रेखा जी ने आईफा में जो परफॉर्म किया, उनको देखकर कौन कह सकता है कि वो 70 साल की हो चुकी हैं? उनकी एनर्जी आज भी किसी 24 साल की लड़की जैसी है। वो सिर्फ स्टाइल ही नहीं, फिटनेस आइकॉन भी हैं। महिला होने के बाद भी उनकी खूबसूरती देखकर मैं पागल हो जाती हूं तो आदमियों का तो क्या ही होता होगा? उनसे बात करेंगे तो जानेंगे कि उनकी आवाज इंसान को खींचती है। वो लाइफ में बस एक ही चीज फॉलो करती हैं कि उन्हें हर हाल में खूबसूरत दिखना है।% 'पहली मुलाकात में ही उन्होंने मेरा टेस्ट ले लिया' डोरिस ने आगे बताया, %1994 में जब अपना करियर शुरू ही किया था तो एक दिन अचानक मेरे घर पर फोन बजा। सामने से आवाज आई– 'हाय रेखा दिस साइड और कल हम एक फोटोशूट करने जा रहे हैं। आपको मेरा हेयर स्टाइल करना है तो मैं आपसे पूछना चाहती थी कि मैं हेयर वॉश करूं या नहीं? मैंने कहा कि अगर आपको शूट के दौरान बाल खुले रखना है तो वॉश कीजिए... खुले नहीं रखना चाहते स्टाइल करना चाहते हैं तो वॉश मत कीजिए। इतना सुनकर उन्होंने कहा– गुड आंसर.. मैं बस देखना चाहती थी कि आप कितने प्रोफेशनल हो।% वो अपनी स्टाइलिंग खुद करती हैं, हम तो बस उनकी हेल्प करते हैं डोरिस ने रेखा के साथ काम करने का एक्सपीरियंस भी शेयर किया। उन्होंने कहा– %इसके बाद जब मैंने उनके साथ काम किया तो उन्होंने मुझे पूरा फ्रीडम दिया। उन्होंने जब अपने मेकअप सूटकेस खोले तो ऐसा कोई आइटम नहीं था जो उनके पास ना हो। बाकी हम आर्टिस्ट तो सिर्फ उनकी हेल्प करते हैं। वो अपनी स्टाइलिंग खुद ही करती हैं। वो इतनी एडवांस्ड हैं कि उन्हें फैशन की हमसे ज्यादा नॉलेज है। उल्टा हम लोग उनसे सीखते हैं। मेरे ख्याल से इंडस्ट्री में रेखा जी एक अलग ही फैशन लेकर आई हैं। बॉलीवुड उन्हें फॉलो करता है। कई मेकर्स हमसे कहते हैं कि हमें रेखा जी वाला स्टाइलिंग चाहिए।% प्रोफेशनल इतनी कि हर सामान रखती हैंवो इतनी प्रोफेशनल हैं कि एक शूट था जिसमें हमें उनके दो फोटोज ही कैप्चर करने थे, पर उसके लिए वो इतना सामान लेकर आईं मानो पूरा घर उठा लाई हों। उनका सीधा सा एक रूल है कि शूट के दौरान जिस चीज की भी जरूरत हो वो उनके पास होनी चाहिए। बाकी तो वो इतनी इनोवेटिव हैं कि एक सेफ्टी पिन से भी खुद को स्टाइल कर सकती हैं। एक बार शूट के दौरान रोलर्स नहीं थे तो उन्होंने बेंडर्स से ही खुद को स्टाइल कर लिया था। रेखा की मां पुष्पावली की ट्रैजिक लाइफ-14 की उम्र में शादी की फिर हीरोइन बनीं, शादीशुदा जेमिनी गणेशन ने धोखा दिया तो पाई–पाई को तरसीं आज अनसुनी दास्तानें में कहानी रेखा की मां पुष्पावली की जो कि खुद साउथ की एक्ट्रेस थीं। पुष्पावली तमिल और तेलुगु सिनेमा की चर्चित स्टार थीं, लेकिन इनकी लाइफ ट्रैजडी से भरी रही। घर चलाने के लिए छोटी उम्र में ही उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। पूरी खबर पढ़ें... 78 साल की उम्र में की तीसरी शादी-जेमिनी ने कभी अपनी बेटी नहीं माना तो रेखा ने भी मौत के बाद उनका चेहरा नहीं देखा तमिल भाषा के दो शब्द हैं कढ़ाल मन्नन यानी किंग ऑफ रोमांस। 1950 से 1980 के बीच तमिल सिनेमा के सबसे रोमांटिक हीरो थे जेमिनी गणेशन। इन्हें ही कढ़ाल मन्नन भी कहा जाता था। ये इतने हैंडसम माने जाते थे कि फिल्मों में कभी इन्हें बदसूरत दिखने वाले रोल नहीं दिए गए।

## 11 फिल्मों में साथ काम किया



| | |
|---|---|
| 1973 | नमक हराम |
| 1976 | दो अनजाने |
| 1977 | आलाप |
| 1977 | ईमान धरम |
| 1977 | खून पसीना |
| 1978 | गंगा की सौगंध |
| 1978 | मुकद्दर का सिकंदर |
| 1979 | मिस्टर नटवरलाल |
| 1979 | सुहाग |
| 1980 | राम बलराम |
| 1981 | सिलसिला |

## करियर की माइलस्टोन फिल्में



1958  **इंती गुट्टू** (चाइल्ड आर्टिस्ट डेब्यू)

1970  **सावन भादो** (हिंदी डेब्यू फिल्म)

1978  **घर** (क्रिटिकली एक्लेम्ड)

1980  **मुकद्दर का सिकंदर** (कमर्शियल हिट)

1981  **खूबसूरत** (पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड- बेस्ट एक्ट्रेस)

1996  **उमराव जान** (पहला नेशनल अवॉर्ड- बेस्ट एक्ट्रेस)

1958  **खिलाड़ियों का खिलाड़ी** (पहला नेगेटिव रोल)

2001  **जुबैदा और लज्जा** (स्पोर्टिंग एक्ट्रेस)

2003  **कोई मिल गया, कृष और कृष-3** (आखिरी हिट फिल्में)

## अवॉर्ड्स



1982 **बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड** (उमराव जान)

## फिल्मफेयर अवॉर्ड्स



1981 **बेस्ट एक्ट्रेस** (खूबसूरत)

1989 **बेस्ट एक्ट्रेस** (खून भरी मांग)

1997 **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस** (खिलाड़ियों का खिलाड़ी)

2003 **लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**



1997 **लेक्मे टाइमलेस ब्यूटी अवॉर्ड**

2006 **फैशनेबल फिल्म स्टार**

1998 **लच्छू महाराज अवॉर्ड** (बॉलीवुड की बेस्ट कथक डांसर)

2010 **पद्मश्री से सम्मानित हुईं**



हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़ | लखनऊ से प्रकाशित | शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024 | खेल-व्यापार


# टेस्ट में पाकिस्तान की लगातार छठी हार

**इंग्लैंड ने 1-0 की बढ़त बनाई, ब्रूक-रूट के बाद जैक लीच चमके**

**मुल्तान।** पाकिस्तान की टीम की यह टेस्ट में लगातार छठी हार है। इंग्लैंड से पहले ऑस्ट्रेलिया ने इस टीम को लगातार तीन टेस्ट और बांग्लादेश ने लगातार दो टेस्ट में हराया था। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हरा दिया है। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 823 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित कर दी थी। उन्हें 267 रन की बढ़त हासिल थी। इसके जवाब में चौथे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 152 रन बना लिए थे। शुक्रवार को पांचवें दिन पाकिस्तान टीम 220 रन पर सिमट गई। गुरुवार के स्कोर में टीम 68 रन ही जोड़ पाई और बाकी बचे चार विकेट गंवा दिए। इस जीत के साथ इंग्लैंड की टीम सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। अगला मुकाबला 15 अक्तूबर से मुल्तान में ही खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम की यह टेस्ट में लगातार छठी हार है। इंग्लैंड से पहले ऑस्ट्रेलिया ने इस टीम को लगातार तीन टेस्ट और बांग्लादेश ने लगातार दो टेस्ट में हराया था। वहीं, अपने घर में पाकिस्तान लगातार तीसरा टेस्ट हारा है। पाकिस्तान की दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज जैक लीच की फिरकी की आगे टिक नहीं सके। लीच ने चार विकेट लिए। पाकिस्तान की दूसरी पारी पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें दिन 54.5 ओवर में 220 रन पर सिमट गई।

## इंग्लैंड ने मुल्तान में पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हराया



**पाकिस्तान**

पहली पारी: 556/10

दूसरी पारी: 220/10

**इंग्लैंड**

823/7 (डिक्लेयर)

**जीत के हीरो**

| | |
|---|---|
| हैरी ब्रूक | 317 रन |
| जो रूट | 262 रन |
| जैक लीच | 04 विकेट (दूसरी पारी) |

शुक्रवार को पांचवें दिन टीम ने छह विकेट पर 152 रन से आगे खेलना शुरू किया और 68 रन जोड़ने में चार विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान को पांचवें दिन पहला झटका अगा सलमान के रूप में लगा। सलमान ने आमिर जमाल के साथ सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी निभाई। वह 84 गेंद में सात चौके की मदद से 63 रन बनाकर आउट हुए। जमाल ने टेस्ट करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा। वह नाबाद रहे, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। शाहीन अफरीदी 10 रन, नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। अबरार अहमद एब्स हर्ट हुए और इस तरह पाकिस्तान की टीम 220 रन ही बना सकी। इससे पहले गुरुवार को पाकिस्तान का कोई बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं कर सका था। अब्दुल्ला शफीक खाता नहीं खोल पाए। वहीं, सैम अयूब 25 रन, कप्तान शान मसूद 11 रन, बाबर आजम पांच रन, सऊद शकील 29 रन और मोहम्मद रिजवान 10 रन बनाकर आउट हुए थे। इंग्लैंड की ओर से लीच के अलावा गस एटकिंसन और ब्राइडन कार्स ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, क्रिस वोक्स को एक विकेट मिला। इससे पहले इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर घोषित की। इंग्लैंड ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का चौथा सर्वोच्च टोटल स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर इस तरह 267 रनों की बढ़त बनाई। इंग्लैंड ने चौथे दिन पहली पारी में तीन विकेट पर 492 रन से आगे खेलना शुरू किया और रूट-ब्रूक की जोड़ी ने पाकिस्तान के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। हैरी ब्रूक और जो रूट ने शानदार साझेदारी कर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति पर पहुंचाया। इंग्लैंड अगर पाकिस्तान के खिलाफबढ़त लेने में सफल रहा तो उसका सबसे बड़ा श्रेय ब्रूक और रूट की साझेदारी को जाता है। पाकिस्तान के बड़े स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने एक समय अपने तीन विकेट 249 रन पर गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद रूट और ब्रूक ने अपने पैर चट्टान की तरह क्रीज पर जमा लिए। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 454 रनों की साझेदारी की। यह टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए की गई चौथी सबसे बड़ी और इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 317 रन बनाए और उनका साथ जो रूट ने बखूबी निभाया। रूट ने 262 रनों की पारी खेली। इस दौरान ब्रूक ने अपने करियर का पहला तिहरा शतक जड़ा। ब्रूक एक पारी में 300 से अधिक रन बनाने वाले छठे इंग्लिश बल्लेबाज बन गए। 34 साल बाद ऐसा हुआ है जब इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने तिहरा शतक लगाया है। ब्रूक से पहले यह कारनामा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम बूच ने किया था। उन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ333 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए रूट और ब्रूक के अलावा बेन डकेट ने 84 रन, जैक क्रावले ने 78, जैमी स्मिथ ने 31 और एटकिंसन ने दो रनों का योगदान दिया। वहीं, वोक्स 17 और कार्स नौ रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और सईम अयूब ने दो-दो विकेट लिए, जबकि शाहीन अफरीदी, आमिर जमाल और सलमान को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान की पहली पारी पाकिस्तान की पहली पारी 556 रन पर खत्म हुई थी। इस टीम के लिए अब्दुल्लाह शफीक, कप्तान शान मसूद और अगा सलमान ने शतक जड़े। इंग्लैंड के लिए स्पिनर जैक लीच ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। अब्दुल्ला शफीक ने 184 गेंद में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 102 रन की पारी खेली थी।

# कभी खाने के पैसे बचाकर खरीदते थे क्रिकेट किट, हार्दिक पांड्या ऐसे बनें भारतीय टीम का हिस्सा

**आज यानी की 11 अक्तूबर को भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या अपना 31वां जन्मदिन मना रहे हैं। हार्दिक ने अपनी मेहनत के दम पर वह मुकाम हासिल किया जो हर किसी के नसीब में नहीं होता है।**



आज यानी की 11 अक्तूबर को भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या अपना 31वां जन्मदिन मना रहे हैं। हार्दिक ने अपनी मेहनत के दम पर वह मुकाम हासिल किया जो हर किसी के नसीब में नहीं होता है। इस सफर को तय करना हार्दिक के लिए आसान नहीं रहा। लेकिन उन्होंने अपने संघर्षों को खुलकर जिया और वह आज भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं। क्रिकेटर का बचपन मुश्किलों में बीता है और उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर शोहरत का स्वाद चखा है। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

परिवार और क्रिकेट जर्नी हार्दिक के पिता हिमांशु गुजरात के सूरत में फाइनेंस का व्यापार करते थे। साल 1998 में उनके पिता ने काम बंद कर दिया और परिवार सहित वडोदरा आ गए। हार्दिक के पिता खुद एक क्रिकेट प्रेमी रहे थे, ऐसे में पिता को देखकर हार्दिक और उनके भाई क्रुणाल को क्रिकेटर बनने की प्रेरणा मिली। घर की आर्थिक स्थिति सही न होने के बाद भी उनके पिता ने हार्दिक और क्रुणाल को किरण मोरे अकादमी में भेजा, जहां से पांड्या ब्रदर्स के क्रिकेटर बनने की जर्नी शुरू हुई। भले ही हार्दिक का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, लेकिन हार्दिक का क्रिकेट के प्रति प्यार देखने लायक था। हार्दिक ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने वह दिन भी देखे हैं, जब नाश्ते और डिनर में उनको सिर्फ मैगी खाकर काम चलाना होता था और जो पैसे बचते उससे वह क्रिकेट किट खरीदते थे। ऐसे हुई शुरूआत फिर वह दिन आया जब आईपीएल की मुंबई इंडियंस की टीम ने साल 2015 में उनको खरीद लिया। मुंबई टीम के साथ जुड़ने के बाद हार्दिक इंडियन क्रिकेट टीम का हिस्सा बनें। साल 2015 में उन्होंने भारत के लिए अपना पहला मैच खेला। भारतीय टीम में तेज गेंदबाज की कमी को हार्दिक ने पूरा किया। साल 2018 से एक ऑलराउंडर के रूप में हार्दिक ने अपनी पहचान बनाई। इसी साल से उनका एशिया कप का सफर शुरू हुआ। हालांकि यह सीजन उनके लिए खास अच्छा नहीं रहा, क्योंकि इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए उनकी पीठ में चोट लग गई। जिसके बाद वह कुछ मैच मिस कर बैठे। स्वस्थ होने के बाद उनकी फिर टीम इंडिया में वापसी हुई और वापसी के बाद वह फिर चोटिल हो गए। आईपीएल बता दें कि साल 2024 में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी हुई। इस दौरान उनको टीम की कमान सौंपी गई। लेकिन इस दौरान उनका परफॉर्मेंस बेहद खराब रहा। जिसके कारण उनसे कप्तानी छीनकर रोहित शर्मा को कप्तान बनाया गया। निजी जीवन हार्दिक पांड्या के जीवन में फिर मुश्किलें आईं और उनकी लेडी लव ने हार्दिक का साथ छोड़ दिया। साल 2024 में हार्दिक और नताशा ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया। बता दें कि दोनों ने साल 2020 में शादी की थी। लेकिन कुछ समय बाद से ही दोनों के रिश्ते में खटपट होने लगी और दोनों की राहें अलग हो गईं। हार्दिक और नताशा का एक बेटा अगस्त्य है। जिसकी दोनों मिलकर परवरिश करेंगे।

## भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता




**गुरुवार को भारतीय पुरुष टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। दरअसल, कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चौंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत को चीनी ताइपे से 0-3 से हार झेलनी पड़ी। जिसके बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।**

पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस ने ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल जीता। उसके बाद गुरुवार को भारतीय पुरुष टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। दरअसल, कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चौंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत को चीनी ताइपे से 0-3 से हार झेलनी पड़ी। जिसके बाद भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। एशियाई टेबल टेनिस चौंपियनशिप में पुरुष टीम स्पर्धा में ये भारत का लगातार तीसरा पदक था। जिसने 2021 और 2023 सीजन में कांस्या पदक जीते थे। कुल मिलाकर ये महाद्वीपीय टेबल टेनिस मीट में भारत का सातवां मेडल था, जिसमें से सभी सात कांस्य पदक थे। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों को अपने उच्च रैंक वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफशुरु से ही कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पांच बार के ओलंपियन और दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी लिन युन जू के खिलाफपहले मैच में भारत का नेतृत्व किया। शरत दूसरे और तीसरे गेम में बढ़त बनाए रखने के बावजूद इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें 3-0 से हार का सामना करना पड़ा।

## अर्शदीप सिंह ने पहली बार टॉप-10 में बनाई जगह, हार्दिक पांड्या को भी बड़ा फायदा

अर्शदीप सिंह लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाते हुए आठवें पायदान पर पहुंच गए।

# पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद ईशान किशन की झारखंड के कप्तान के तौर पर वापसी

**रांची।** भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन की झारखंड रणजी टीम में कप्तान के रूप में वापसी हुई जिन्हें पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। दिसंबर 2022 में ऋषभ पंत की सड़क दुर्घटना के बाद भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से शामिल हुए ईशान ने पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद उन्होंने बीसीसीआई के किसी भी आधिकारिक मैच में हिस्सा नहीं लिया जबकि बोर्ड ने खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर जोर दिया था। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फरवरी में वापसी की और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले निजी तौर पर आयोजित डीवाई पाटिल टी20 कप में खेले। इससे फ्रेंचाइजी क्रिकेट और राज्य प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन को लेकर बहस शुरू हो गई। घरेलू क्रिकेट से इस दौरान उनकी अनुपस्थिति ने उन्हें बीसीसीआई के 2023-24 केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया।






## SPORTS न्यूज़

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया को लग सकता है तगड़ा झटका, कैमरन ग्रीन नहीं कर पाएंगे गेंदबाजी!

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को इस साल के अंत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की मेजबानी करनी है, जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कुल पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं। इस टेस्ट सीरीज से पहले टीम सिलेक्शन को लेकर ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लग सकता है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी मिस कर सकते हैं। इतना ही नहीं वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से पूरा समर सीजन मिस कर सकते हैं। नाइन पेपर्स ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि ग्रीन प्योर बैटर के तौर पर खेल पाएंगे। लेकिन बैक इंजरी के चलते गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। वहीं ब्तपबामज म्ज ।नेि च्मजमत स्वत ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच पर्थ में खेला जाना है। म्ज ।नेि च्मजमत स्वत के मुताबिक ग्रीन को न्यूजीलैंड जाना होगा, जहां वहां स्ट्रेस फ्रैक्चर की रैडिकल सर्जरी कराएंगे। जिसके चलते वह पूरा समर सीजन क्रिकेट मैदान से दूर रह सकते हैं। 25 वर्षीय ग्रीन मेलबर्न और सिडनी टेस्ट तक शायद टीम में वापसी करें, लेकिन फिलहाल इसकी उम्मीद भी कम ही नजर आ रही है। स्कॉट बोलैंड या फिर माइकल नेसेर ऐसे में ग्रीन को रिप्लेस कर सकते हैं। अगर ग्रीन सिर्फ बैटर के तौर पर खेलते तो उस्मान ख्वाजा के साथ उनसे पारी का आगाज करवाया जा सकता है। क्योंकि डेविड वॉर्डर के बाद से स्टीव स्मिथ ने पारी का आगाज किया है और उनका प्रदर्शन ओपन करते हुए कुच खास नहीं रहा है।

### हैरी ब्रूक की आंधी में उड़ा पाकिस्तान, जड़ा टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक

मुल्तान टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की हालत पस्त कर दी है। पहले जो रूट और अब हैरी ब्रूक ने भी दोहरा शतक जड़ दिया है। ब्रूक के टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक है। इन दोनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने 650 रन का आंकड़ा पार कर लिया है और अब रूट-ब्रूक दोनों की नजरें जल्द से जल्द तिहरा शतक पूरा करने पर होगी। हैरी ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक 239 गेंदों पर पूरा किया, वह अभी तक 20 चौके और 1 गगनचुंबी छक्का लगा चुके हैं। इंग्लैंड की पाकिस्तान पर लीड 102 रनों की हो गई है। आज इस लीड को 300 रन के करीब पहुंचाकर इंग्लिश टीम की नजरें मैच जीतने पर होगी। पाकिस्तान की सरजमीं पर हैरी ब्रूक का बल्ला आग उगलता है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं अभी तक खेले 4 टेस्ट मैचों में उन्होंने 3 शतक और एक दोहरा शतक लगाया है। हैरी ब्रूक का नाम उन चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में शामिल हैं जिनका पाकिस्तान में बैटिंग औसत 100 के पार है। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में एक ही पारी में दो दोहरे शतक जड़ने का कारनामा जो रूट और हैरी ब्रूक ने 39 साल बाद किया है। उनसे पहले 1985 में जी फाउलर (201) और माइक गैटिंग (207) की जोड़ी ने भारत के खिलाफये कारनामा किया था। जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच चौथे विकेट के लिए साझेदारी 400 से अधिक रु की हो गई है। ये किसी भी विकेट के लिए पाकिस्तान के खिलाफइंग्लैंड की सबसे बड़ी साझेदारी है। वहीं रूट और ब्रूक पहली बारी 400 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे हैं।

### पाकिस्तान में 69 साल बाद विदेशी खिलाड़ी ने किया कमाल, हैरी ब्रूक ने जड़ा शतक का चौका

मुल्तान में खेला जा रहा पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट पाकिस्तान के हाथ से निकलता हुआ दिख रहा है। बांग्लादेश के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को दिन में तारे दिखा दिए हैं। वहीं पहले टेस्ट मैच में हैरी ब्रूक ने शतकीय पारी से रिकॉर्ड्स की लाइन लगा दी है। ब्रूक ने न सिर्फ शतक लगाया बल्कि वह कारनामा कर दिखाया जो कि पिछले 69 सालों में किसी ने नहीं किया। हैरी ब्रूक ने मुल्तान टेस्ट के तीसरे दिन शतक जड़ा। तीसरे दिन स्टंप्स तक उन्होंने 173 गेंदों में 141 रन बनाए थे। ये हैरी ब्रूक का पाकिस्तान लगातार चौथे टेस्ट में शतक जमाया था। उन्होंने इससे पहले साल 2022 में कराची और मुल्तान में शतक ठोका था। हैरी ब्रूक का ये 6 पारियों में चौथा शतक है। वह पाकिस्तान के खिलाफ उसकी जमीन पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी है। वहीं पाकिस्तान के 69 साल के टेस्ट क्रिकेट में पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार चार शतक जमाए हैं। 50वें ओवर में बेन डकेट ने 84 रन बनाकर अपना विकेट गंवाया था। उनके बाद ब्रूक बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरे और आते ही उन्होंने स्कोरबोर्ड को तेजी से आगे बढ़ाना शुरू कर दिया था। ब्रूक ने अपनी फिफ्टी 49 गेंद में ही पूरी कर ली थी। और फिर 118 गेंद में अपने शतक को अंजाम तक पहुंचाया। ब्रूक अपने करियर को जिस तरह से अंजाम दे रहे हैं उनके आंकड़ों को देख उनमें डॉन ब्रैडमैन की झलक दिखाई देती है।

### एशियाई टेटे चौंपियनशिप: भारतीय पुरुष टीम ने लगातार तीसरा पदक सुनिश्चित किया, महिला टीम को कांस्य

भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान को 3-1 से हराकर एशियाई चौंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा पदक पक्का कर लिया। पुरुषों की टीम स्पर्धा में पदक तब सुनिश्चित हुआ जब महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से हार गई और उसे पहली बार कांस्य पदक मिला। पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में विश्व के 60वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने कजाखस्तान के शीर्ष रैंकिंग के विश्व के 41वें नंबर के खिलाड़ी किरिल गेरासिमेंको को 3-0 (11-9, 11-7, 11-6) से हराकर उलटफेर किया। कजाखस्तान के एलन कुरमंगलियेव (विश्व रैंकिंग 183) ने अपनी टीम को वापसी दिलाते हुए हरमीत देसाई को 3-0 (11-6, 11-5, 11-8) से हराया और मैच को 1-1 से बराबर कर दिया। भारत के दिग्गज खिलाड़ी अनुभवी शरत कमल ने तीसरे मैच में ऐडोस केंजिगुलोव को 3-0 (11-4, 11-7, 12-10) से आसानी से हराया और भारत की बढ़त 2-1 हो गई। हरमीत ने चौथे मैच में गेरासिमेंको को हराकर भारत की जीत तय की। अस्थिर शुरुआत के बाद विश्व के 91वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत ने अपने पैर जमाए। उन्होंने दूसरे और चौथे गेम जीतने के बाद पांचवें गेम में 6-1 की बढ़त बनाई। गेरासिमेंको ने वापसी की कोशिश की लेकिन हरमीत ने पांचवां और निर्णायक गेम जीतकर भारत को सेमीफाइनल में जगह दिलाई। भारत की पुरुष टीम ने 2023 और 2021 में पिछले दो सत्र में कांस्य पदक जीता था। भारत ने इस जीत के साथ एशियाई चौंपियनशिप में अपना सातवां पदक सुनिश्चित किया। भारत गुरुवार को सेमीफाइनल में चीनी ताइपे और जापान के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से खेलेगा। इससे पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी के खिलाफ जापान की मिमा इतो ने 11-9, 11-4, 15-13 से जीत दर्ज की। दी। मिमा ने इसके बाद मनिका को 11-6, 6-11, 11-2, 11-3 से हराकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

### संन्यास के आपके फैसले से हैरान हूं: खेलमंत्री मांडविया ने दीपा कर्माकर को पत्र लिखा

**नयी दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया। मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा, '' मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं।''

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
आरएनआई नं० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।